▸▸वर्ष : 35 ▸▸अंक : 225 ▸▸मुंबई, मंगलवार, 27 अक्टूबर 2026 ▸▸RNI: MAHHIN/49994/91 ▸▸मूल्य : 3 रुपए ▸▸epaper.dobajedopahar.com ▸▸संपादक : अरुण लाल ▸▸संरक्षक : एन. के. पुरोहित

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

पुणे स्नातक सीट पर 47 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला

पुणे स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा की डॉ. स्मिता जाधव और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अरुण लाड समेत कुल 47 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा है। इस सीट पर प्रमुख दलों के उम्मीदवारों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिससे चुनाव परिणाम को लेकर राजनीतिक हलकों में उत्सुकता बनी हुई है।



नागपुर स्नातक सीट पर 38 उम्मीदवार

नागपुर स्नातक सीट से भाजपा के सुधाकर कोहले और कांग्रेस के अभिजीत वंजारी समेत कुल 38 प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमाई है। इस सीट पर प्रमुख दलों के उम्मीदवारों के बीच मुकाबला देखने को मिला। चुनाव में उतरे सभी प्रत्याशियों की नजरें मतदाताओं के समर्थन पर टिकी थीं, वहीं नतीजों को लेकर राजनीतिक दलों में भी उत्सुकता बनी हुई है।

▸▸महाराष्ट्र विधान परिषद की पांच सीटों के नतीजे आज होंगे घोषित

▸▸182 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला, 23 अक्टूबर को हुआ था मतदान

छ.संभाजीनगर सीट पर 41 प्रत्याशी

छत्रपति संभाजीनगर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार) के सतीश चव्हाण, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रतापसिंह पाटील और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के दिलीप घुगे समेत कुल 41 उम्मीदवार मैदान में हैं।

अमरावती शिक्षक सीट पर 26 उम्मीदवार

अमरावती शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के किरण सरनाईक, कांग्रेस की अदिति पोहरे, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के दत्तात्रय लहाने और श्रीकांत देशपांडे समेत कुल 26 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा है। अब सभी की नजरें मंगलवार को आने वाले नतीजों पर टिकी हैं।

काउंटिंग का काउंटडाउन



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र विधान परिषद की पांच सीटों के चुनावी नतीजे मंगलवार, 27 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। इन सीटों पर कुल 182 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा है। सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवारों के बीच मुकाबला देखने को मिला। नतीजों से दोनों गठबंधनों की स्थिति स्पष्ट होगी।

23 अक्टूबर को हुआ था मतदान

चुनाव आयोग के कार्यक्रम के अनुसार, विधान परिषद की तीन स्नातक और दो शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 23 अक्टूबर को मतदान कराया गया था। इनमें पुणे स्नातक, पुणे शिक्षक, नागपुर स्नातक, छत्रपति संभाजीनगर स्नातक और अमरावती शिक्षक सीट शामिल हैं। चुनाव में कुल 72.96 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पांचों निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत अलग-अलग रहा। अमरावती शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में सबसे अधिक 92.25 प्रतिशत वोट पड़े। पुणे शिक्षक सीट पर 85.86 प्रतिशत, नागपुर स्नातक सीट पर 64.82 प्रतिशत, पुणे स्नातक सीट पर 62.76 प्रतिशत और छत्रपति संभाजीनगर स्नातक सीट पर 59.12 प्रतिशत मतदान हुआ।

पुणे शिक्षक सीट पर 30 उम्मीदवार मैदान में

पुणे शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के कौस्तुभ गावडे, कांग्रेस के जयंत आसगांवकर, पूर्व विधायक दत्तात्रेय सावंत और निर्दलीय सचिन सानप समेत कुल 30 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

अन्य क्षेत्रों की सीटें?

- सभी 28 सीटें स्नातक (ग्रेजुएट) और शिक्षक क्षेत्रों की हैं।
- यूपीः 5 स्नातक (लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, इलाहाबाद-झांसी) और 6 शिक्षक (लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, बरेली-मुरादाबाद, गोरखपुर-फैजाबाद)।
- बिहारः 4 स्नातक (पटना, दरभंगा, तिरहुत, कोसी) और 4 शिक्षक (पटना, दरभंगा, तिरहुत, सारण)।
- कर्नाटकः 2 स्नातक (दक्षिण-पूर्व, पश्चिम) और 2 शिक्षक (उत्तर-पूर्व, बेंगलुरु)।

'500 करोड़' के ऑडियो क्लिप की होगी जांच

धीरज सिंह । मुंबई

मराठा आरक्षण आंदोलन के कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल से जुड़े कथित 500 करोड़ रुपये के लेन-देन के आरोपों की जांच के लिए मुंबई पुलिस ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देश पर गठित यह टीम मामले से जुड़ी कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग की भी जांच करेगी। रिकॉर्डिंग में किए गए दावों और उसमें सुनाई देने वाले लोगों की पहचान की पड़ताल की जाएगी।

एसआईटी में तीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल

पुलिस आयुक्त देवेन भारती के आदेश के अनुसार, एसआईटी की अध्यक्षता दक्षिण प्रादेशिक विभाग के अपर पुलिस आयुक्त शैलेश बलकवड़े करेंगे। पुलिस उपायुक्त विजयकांत सागर और बजरंग बनसोडे को टीम में शामिल किया गया है। टीम को मामले की गहन जांच, आवश्यक अधिकारियों की नियुक्ति और जांच की प्रगति से समय-समय पर पुलिस आयुक्तालय को अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं। कथित ऑडियो क्लिप की फॉरेंसिक जांच भी की जाएगी।

कथित ऑडियो क्लिप में 500 करोड़ रुपये का जिक्र

जरांगे पाटिल ने जालना जिले की अंबड तहसील में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कथित ऑडियो क्लिप सुनाई थी। उन्होंने मामले को कथित साजिश बताते हुए इसकी जांच और रिकॉर्डिंग में बोलने वाले लोगों की पहचान उजागर करने की मांग की थी। एक क्लिप में महिला के कथित तौर पर यह दावा करने की बात सामने आई कि शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के माध्यम से जरांगे को 500 करोड़ रुपये दिए गए थे। रिकॉर्डिंग में 2024 के विधानसभा चुनाव से पहले जरांगे के बढ़ते प्रभाव के राजनीतिक असर पर चर्चा होने का भी दावा है। इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है।

▸▸सीएम फडणवीस के निर्देश पर एसआईटी गठित

▸▸अपर पुलिस आयुक्त शैलेश बलकवड़े को सौंपी गई जिम्मेदारी



संजय राउत ने ईडी जांच की मांग की

शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर मामले की ईडी और महाराष्ट्र पुलिस से उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। उन्होंने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कार्रवाई की मांग भी की। राउत के मुताबिक, जरांगे ने 20 अक्टूबर को आरोप लगाया था कि 500 करोड़ रुपये के कथित लेन-देन का संबंध एकनाथ शिंदे और भाजपा के कुछ नेताओं से है। आरोप में दावा किया गया कि श्रीकांत शिंदे के माध्यम से यह रकम जरांगे तक पहुंचाई जानी थी, ताकि 2024 के विधानसभा चुनाव से पहले उनके आंदोलन को शांत किया जा सके। राउत ने दावा किया कि कथित रकम जरांगे तक नहीं पहुंची और सवाल उठाया कि 500 करोड़ रुपये आखिर कहां गए। उन्होंने ऑडियो क्लिप को जांच के लिए अहम बताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

लाइफलाइन पर ब्रेक

स्टेशन पर आग लगने से थमी मुंबई लोकल की रफ्तार, 5 घंटे तक फंसे रहे यात्री पटरियों पर चलने को मजबूर



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मध्य रेलवे के कांजुरमार्ग स्टेशन पर रिले रूम में आग लगने से बाधित हुई सिग्नल प्रणाली को ठीक कर लिया गया है। इसके साथ ही उपनगरीय रेल मार्ग की चारों लाइनें बहाल हो गई हैं। हालांकि, लंबी दूरी की ट्रेनों के लिए इस्तेमाल होने वाली पांचवीं और छठी लाइन पर सिग्नल प्रणाली की मरम्मत का काम जारी रहा। मध्य रेलवे ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

शाम तक बहाल हुईं चारों लोकल लाइनें

मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने बताया कि डाउन फास्ट लाइन को शाम 4:10 बजे और अप फास्ट लाइन को शाम 4:46 बजे परिचालन के लिए उपयुक्त घोषित किया गया। इसके बाद डाउन स्लो लाइन शाम 5:30 बजे और अप स्लो लाइन शाम 6:18 बजे बहाल हुई।

रिले रूम में आग से सिग्नल व्यवस्था प्रभावित

सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे कांजुरमार्ग स्टेशन के सिग्नल रूम में आग लगने से सिग्नल प्रणाली में बड़ी खराबी आ गई। अधिकारियों के अनुसार, कांजुरमार्ग और भांडुप स्टेशनों के बीच सभी छह लाइनों पर करीब 24 सिग्नल प्रभावित हुए। इनमें लंबी दूरी की ट्रेनों के लिए इस्तेमाल होने वाली लाइन पांच और छह भी शामिल हैं। रेलवे ने पहले उपनगरीय ट्रेनों की चारों लाइनों पर सिग्नल व्यवस्था बहाल करने को प्राथमिकता दी।

बिजली के तार से भी बाधित हुआ परिचालन

इसी दौरान मुलुंड और ठाणे के बीच डाउन स्लो लाइन के ऊपर लगे उपकरण से एक बाहरी तार लटकता हुआ पाया गया। यह स्थान छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से करीब 31.14 किलोमीटर दूर है। नीला के मुताबिक, सुबह 10 बजे बिजली के तारों को ठीक करने का काम शुरू हुआ और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद प्रभावित रेल मार्ग पर सेवाएं बहाल कर दी गईं। हालांकि, कांजुरमार्ग में सिग्नल प्रणाली की खराबी से परिचालन पर फिर असर पड़ा। सुबह व्यस्त समय में सेवाएं बाधित होने से स्टेशनों और लोकल ट्रेनों में भारी भीड़ देखी गई। यात्रियों ने दावा किया कि कुछ ट्रेनें एक घंटे से अधिक समय तक पटरियों पर खड़ी रहीं। इसके बाद कुछ यात्री ट्रेन से उतरकर पटरियों के किनारे पैदल चलने लगे। इस व्यवधान से उपनगरीय समय-सारणी के साथ लंबी दूरी की ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित हुआ।

ब्रीफ न्यूज़

इमरान खान मामले में हाई कोर्ट में आज सुनवाई

मुंबई। सिने अभिनेता आमिर खान के भांजे इमरान खान को 28 अक्टूबर तक भारत छोड़ने का निर्देश देने वाले



मुंबई पुलिस के नोटिस को चुनौती देने वाली याचिका पर मुंबई उच्च न्यायालय मंगलवार को सुनवाई करेगा। अमेरिकी नागरिक इमरान खान को मुंबई में राजनीतिक प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिया गया था, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें देश छोड़ने का नोटिस जारी किया। अभिनेता ने इस नोटिस को अवैध, मनमाना और बिना उचित विचार के उठाया गया कदम बताते हुए इसे रद्द करने की मांग की है।


मुंबई में सप्ताह में एक दिन निर्माण कार्य रोकने का प्रस्ताव

मुंबई। मुंबई में बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए राज्य के मंत्री और मुंबई उपनगर के पालकमंत्री आशीष शेलार ने बीएमसी आयुक्त अश्विनी भिडे को पत्र लिखकर सप्ताह में एक दिन निर्माण और ध्वस्तीकरण कार्य पूरी तरह बंद रखने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने प्रदूषण बढ़ने पर तत्काल कदम उठाने के लिए दिल्ली की तर्ज पर मुंबई में विशेष कार्ययोजना लागू करने, प्रदूषित सड़कों की धुलाई, मशीनीकृत सफाई, एंटी-स्मॉग गन लगाने, कचरा जलाने और निर्माण मलबे की अवैध डंपिंग पर कार्रवाई तथा शिकायतों के लिए अलग हेल्पलाइन शुरू करने का सुझाव दिया। शेलार ने वाहनों के प्रदूषण प्रमाणपत्र की जांच तेज करने, वैध प्रमाणपत्र नहीं रखने वाले भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक, निर्माण स्थलों पर वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली लगाने और उद्योगों को स्वच्छ ईंधन अपनाने के लिए प्रोत्साहन देने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017-18 की तुलना में मुंबई में पीएम-10 प्रदूषण का स्तर करीब 48 प्रतिशत घटा है, लेकिन वायु गुणवत्ता में और सुधार के लिए बीएमसी, पुलिस, परिवहन विभाग, उद्योगों और नागरिकों के समन्वय से मुंबई महानगर क्षेत्र में व्यापक कदम उठाने की जरूरत है।

पटाखे न जलाने के अभियान के लिए पैसे मांगने वाली हस्तियों पर हाईकोर्ट नाराज

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने पटाखे न जलाने के प्रति जागरूकता फैलाने के अभियान में मुफ्त सहयोग के लिए आगे नहीं आने वाली फिल्मी हस्तियों की आलोचना की है। सोमवार को न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति डॉ. नीला गोखले की खंडपीठ ने कहा कि मुंबई से बहुत कुछ पाने वाली हस्तियों को अब समाज को कुछ लौटाना चाहिए। अदालत ने राज्य सरकार को यह भी स्पष्ट किया कि अभियान के लिए किसी सेलिब्रिटी को शामिल करने पर जनता का पैसा बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सरकारी वकील ज्योति चव्हाण ने अदालत को बताया कि फिल्मी हस्तियों की अपनी तय फीस होती है और वे सामाजिक अभियानों के लिए भी मुफ्त में काम करने को तैयार नहीं होतीं।



मुंबई पुलिस के कार्यक्रम का दिया उदाहरण

अदालत ने कहा कि कई फिल्मी हस्तियां मुंबई पुलिस के वार्षिक कार्यक्रम 'उमंग' में शामिल होती हैं। ऐसे में उन्हें पर्यावरण संरक्षण जैसे सामाजिक अभियान के लिए भी 15 मिनट का समय निकालना चाहिए। पीठ ने सुझाव दिया कि मुंबई पुलिस आयुक्त इस अभियान के लिए फिल्मी हस्तियों को आमंत्रित करने पर विचार करें। अदालत ने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर मराठी कलाकारों से संपर्क किया जा सकता है, लेकिन उनसे भी मुफ्त में सहयोग लिया जाना चाहिए।

महाराष्ट्र में नवंबर से शुरू होगा 'हर घर संत रविदास' अभियान

मुंबई। संत रविदास महाराज के 650वें जयंती वर्ष के अवसर पर महाराष्ट्र सरकार नवंबर 2026 से फरवरी 2027 तक 'हर घर संत रविदास विचार विकसित महाराष्ट्र' अभियान चलाएगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इसे राज्यभर में लागू करने के निर्देश दिए हैं। अभियान के तहत 1,08,139 स्कूलों, 5,841 कॉलेजों, 65 विश्वविद्यालयों और 11,150 सार्वजनिक पुस्तकालयों को जोड़ा जाएगा। विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ स्वास्थ्य जांच, रक्तदान शिविर और सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। राज्य के 650 गांवों में विचारसभाएं और वृक्षारोपण किया जाएगा, जबकि डिजिटल माध्यमों से संत रविदास महाराज के विचारों का प्रचार होगा। वस्त्रोद्योग मंत्री संजय सावकारे ने अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति और युवा उद्यमियों को प्रोत्साहन देने की योजना का सुझाव दिया है।

एसआईआर विवाद

महाराष्ट्र में 33% मतदाताओं के नाम कटने का दावा

▸▸सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा जवाब

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत दस्तावेज जमा करने और दावे-आपत्तियां दाखिल करने की समयसीमा बढ़ाने का आदेश फिलहाल देने से इनकार कर दिया है। हालांकि, एसआईआर के दौरान राज्य में 33 प्रतिशत मतदाताओं के नाम हटाए जाने के आरोपों पर अदालत ने चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने याचिकाकर्ता अरुण अनंदगिरि की याचिका पर सुनवाई की। उनकी ओर से वरिष्ठ



अधिवक्ता अरविंद दातार ने दलीलें रखीं। दातार ने बताया कि मुंबई और पुणे में करीब 3,500 पुनर्विकास परियोजनाएं चल रही हैं। इनके कारण पुरानी आवासीय कॉलोनियां तोड़ी जा रही हैं और हजारों लोगों को दूसरी जगह जाना पड़ रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि पते और अन्य जानकारियों से जुड़ी समस्याओं के कारण ऐसे मतदाताओं के नाम सूची से हट सकते हैं।

जरूरत पड़ी तो बढ़ेगी समयसीमा: सीजेआई

याचिकाकर्ता ने दावे-आपत्तियां दाखिल करने की अंतिम तारीख बढ़ाने और सुनवाई पूरी होने तक मतदाता सूची को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया पर रोक लगाने का अनुरोध किया। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल कोई समयसीमा नहीं बढ़ाई, लेकिन कहा कि मामले पर जल्द सुनवाई होगी और जरूरत महसूस होने पर उचित निर्देश दिए जा सकते हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता के वकील को आश्वस्त करते हुए कहा कि यदि अदालत को लगा कि कुछ लोग दस्तावेज जमा नहीं कर पाए हैं, तो समयसीमा बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि एसआईआर से जुड़े पिछले मामलों में अदालत समयसीमा बढ़ा चुकी है।

पुराने मतदाताओं के लिए अलग फॉर्म की मांग

याचिकाकर्ता के वकील ने चुनाव आयोग को उन लोगों के लिए अलग फॉर्म उपलब्ध कराने का निर्देश देने की मांग की, जिनके नाम पहले से मतदाता सूची में हैं और जो पिछले चुनावों में मतदान कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मतदाताओं से फॉर्म-6 भरवाना उचित नहीं है, क्योंकि इसका इस्तेमाल नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए किया जाता है।

जल प्रबंधन

2051 तक पानी की जरूरतों का आकलन करेगी उच्चस्तरीय समिति, तीन महीने में सौंपेगी रिपोर्ट

मुंबई महानगर क्षेत्र के लिए बनेगी 25 वर्षीय जल प्रबंधन योजना

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में भविष्य की जल जरूरतों को पूरा करने और जल संकट से निपटने के लिए अगले 25 वर्षों की व्यापक जल प्रबंधन योजना तैयार करने का निर्णय लिया है। इसके लिए जल संसाधन विभाग ने एक उच्चस्तरीय अध्ययन समूह का गठन किया है। समिति को तीन महीने के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। समिति घरेलू, औद्योगिक, व्यावसायिक, संस्थागत और निर्माण क्षेत्रों में पानी की मांग का आकलन करेगी। इसके तहत वर्ष 2031, 2041 और 2051 तक पानी की संभावित जरूरतों का अनुमान लगाया जाएगा। साथ ही, उपलब्ध जल संसाधनों, मौजूदा आपूर्ति व्यवस्था और भविष्य में सामने आने वाली कमियों की पहचान की जाएगी। समिति की अध्यक्षता जल संसाधन विभाग के सेवानिवृत्त सचिव संजय बेलसारे कर रहे हैं।



जलवायु परिवर्तन से निपटने की बनेगी रणनीति

अध्ययन समूह अनियमित बारिश, अत्यधिक वर्षा, लंबे समय तक सूखे और तटीय क्षेत्रों में भूजल पर समुद्री जल के प्रभाव जैसी चुनौतियों का भी आकलन करेगा। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जल सुरक्षा के दीर्घकालिक उपाय सुझाए जाएंगे।

कई नगर निकायों और संस्थाओं की होगी भागीदारी

मुंबई महानगर क्षेत्र में तेजी से बढ़ती आबादी, औद्योगिक विस्तार और नई विकास परियोजनाओं के कारण पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में विभिन्न नगर निकायों और सरकारी संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया है। अध्ययन समूह में बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी), मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए), ठाणे, नवी मुंबई और कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिकाओं के प्रतिनिधियों के साथ महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी), महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण और महाराष्ट्र रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर के प्रतिनिधि भी शामिल हैं।

बांधों के अलावा वैकल्पिक जल स्रोतों पर जोर

समिति पूरी हो चुकी, निर्माणाधीन और प्रस्तावित जलापूर्ति परियोजनाओं की समीक्षा करेगी। इसके साथ ही उपचारित अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग, बड़े पैमाने पर वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण और स्थानीय जल निकायों के पुनरुद्धार की संभावनाओं का अध्ययन किया जाएगा। जल वितरण के दौरान होने वाली बर्बादी रोकने, पाइपलाइनों में रिसाव कम करने और मीटर व्यवस्था को आधुनिक बनाने के उपाय भी सुझाए जाएंगे।

महाराष्ट्र में वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा 14 नए संरक्षण रिजर्व को मंजूरी

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में वन्यजीवों और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए राज्य वन्यजीव बोर्ड ने सात जिलों में 14 नए संरक्षण रिजर्व बनाने के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बोर्ड की 26वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसके साथ ही गडचिरोली जिले के कोलामार्का संरक्षण रिजर्व को वन्यजीव अभयारण्य का दर्जा देने और तांसा वन्यजीव अभयारण्य का विस्तार करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। बोर्ड ने पुणे, रायगढ़, नासिक, नंदुरबार, ठाणे,



पालघर और चंद्रपुर जिलों में 14 नए संरक्षण रिजर्व के प्रस्तावों को मंजूरी दी। इनमें वेल्हे-मुल्शी, भोरगिरीगढ़, लोनावला, डिंडोरी, सुरगाणा, तहरबाद, चिंचपाड़ा, अलीबाग, घेरा माणिकगढ़, गुमतारा, जव्हार, अशेरीगढ़, धामनी और एकारा शामिल हैं। इन क्षेत्रों के संरक्षण से वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास सुरक्षित करने और जैव विविधता को बढ़ावा देने में मदद मिलने की उम्मीद है।

कर्जत में पेड़ों की कटाई पर ठाकरे बंधु आक्रामक

टोरेंट पावर के प्रस्तावित हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट का विरोध

आदित्य ठाकरे ने किया दौरा, राज ठाकरे 28 अक्टूबर को करेंगे जनसभा

डीबीडी संवाददाता | रायगढ़

महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले की कर्जत तहसील में टोरेंट पावर कंपनी के प्रस्तावित हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के लिए पेड़ों की कटाई का मुद्दा गरमा गया है। इस मामले में ठाकरे बंधुओं ने विरोध तेज कर दिया है। मनसे प्रमुख राज ठाकरे 28 अक्टूबर को कर्जत का दौरा करेंगे, जबकि शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने सोमवार को परियोजना स्थल का दौरा कर पेड़ों की कटाई पर आपत्ति जताई।

आदित्य ठाकरे ने उठाए पर्यावरण संरक्षण पर सवाल

आदित्य ठाकरे ने सोमवार को कर्जत में पेड़ों की कटाई का जायजा लिया और पर्यावरण को हो रहे नुकसान पर चिंता जताई। उन्होंने सवाल उठाया कि पेड़ों की कटाई की अनुमति किसने दी, पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों का आकलन किया गया या नहीं और दोबारा पौधारोपण के लिए पर्याप्त जमीन उपलब्ध है या नहीं।

28 अक्टूबर को कर्जत पहुंचेंगे राज ठाकरे

मनसे प्रमुख राज ठाकरे बुधवार, 28 अक्टूबर को कर्जत का दौरा करेंगे। इस दौरान वे स्थानीय ग्रामीणों और आदिवासियों से बातचीत कर जंगल का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद शाम 5 बजे पुलिस ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके दौरे के बाद इस मुद्दे पर शिवसेना (यूबीटी) की ओर से भी विरोध तेज किए जाने की संभावना जताई जा रही है।





2,750 पेड़ काटे जाने का दावा

मनसे नेता संदीप देशपांडे ने दावा किया है कि कर्जत के जंगल में अब तक 2,750 पेड़ काटे जा चुके हैं। स्थानीय लोगों को आशंका है कि परियोजना के लिए आगे भी पेड़ों की कटाई की जा सकती है। देशपांडे ने सवाल उठाया कि पेड़ों की कटाई की अनुमति किसने दी और इसे कानूनी मंजूरी कैसे मिली। उन्होंने यह भी पूछा कि 90 हजार पेड़ लगाने के लिए जमीन कहां से उपलब्ध कराई जाएगी।

टोरेंट पावर प्रोजेक्ट के पर्यावरण अनुमतियों में गड़बड़ी: असीम सरोदे

रायगढ़ जिले के कर्जत स्थित भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग मंदिर इलाके में प्रस्तावित टोरेंट कंपनी की जलविद्युत परियोजना को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। वरिष्ट वकील असीम सरोदे ने परियोजना के लिए दी गई पर्यावरण अनुमतियों को लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पर्यावरण अनुमतियों में गड़बड़ियां हैं. सरोदे के अनुसार मुख्यमंत्री का यह बयान कि प्रोजेक्ट के लिए वन विभाग और पर्यावरण अनुमतियां 18 महीने में कानूनी प्रोसेस पूरा करके लिए गए थे, यह झूठी कहानी' है। उन्होंने दावा किया कि इस प्रोजेक्ट के लिए अनुमति प्रक्रिया में कई गड़बड़ियां और गैर-कानूनी बातें हैं। सरोदे ने कहा कि टोरेंट परियोजना भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग मंदिर से 20 किलोमीटर और वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी से 15 .53 किलोमीटर दूर बताई जा रही है। साथ ही कहा जा रहा है कि पूरी परियोजना इको-सेंसिटिव जोन से बाहर है। लेकिन दूरी और क्षेत्र की सीमाओं का हवाला देकर परियोजना के पर्यावरणीय असर को नजरअंदाज़ नहीं किया जा सकता।

विपक्ष ने विकास के नाम पर जंगल को नुकसान पहुंचाने का लगाया आरोप

कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) सहित विपक्षी दलों के नेताओं ने आरोप लगाया है कि विकास के नाम पर जंगल और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि परियोजना जबरन थोपी जा रही है और पेड़ों की कटाई से पर्यावरण को बड़े पैमाने पर नुकसान हो सकता है।

मामूली विवाद पर बीयर की बोतल से हमला, युवक घायल

हिललाइन पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

मामूली विवाद के बाद एक युवक पर बीयर की बोतल से हमला कर उसे घायल करने का मामला सामने आया है। घटना 25 अक्टूबर 2026 की रात करीब 10 बजे उल्हासनगर-5 स्थित सरकारी स्कूल के पास मच्छी मार्केट परिसर में हुई। मामले में हिललाइन पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, नितिन दिगंबर मोरे, आरोपी संतोष उर्फ सिद्धार्थ और उनके कुछ मित्र एक होटल में बैठे थे। इसी दौरान किसी मामूली बात को लेकर नितिन और संतोष के बीच विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते कहासुनी बढ़ गई और आरोपी ने कथित तौर पर गाली-गलौज करते हुए नितिन के साथ मारपीट की।

बीयर की बोतल से किया हमला



आरोप है कि विवाद के दौरान संतोष उर्फ सिद्धार्थ ने अपने पास रखी बीयर की बोतल से नितिन के बाएं गाल, बाएं कान के पास और बाएं हाथ पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। इस मामले में हिललाइन पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 118(1), 115(2) और 352 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस घटना की आगे की जांच कर रही है।

मीरा रोड से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक 'नशामुक्त भारत' की हुंकार

विनय दूबे | भाईंदर

मीरा-भाईंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय के परिमंडल-1 द्वारा युवाओं को नशे के जाल से बचाने और आगामी 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस का संदेश देने के उद्देश्य से शनिवार, 24 अक्टूबर को मीरा रोड स्थित भारतरत्न लता मंगेशकर नाट्यगृह में स्कूली विद्यार्थियों के साथ 'नशामुक्त भारत' जनजागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत मीरा रोड से केवड़िया तक मोटरसाइकिल रैली के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दिया जा रहा है।

विद्यार्थियों ने पथनाट्य और नृत्य से दिया संदेश



कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां रहीं। कनकिया इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज, आर. बी. के. ग्लोबल स्कूल, प्रवीण रोहिदास पाटील अभियांत्रिकी महाविद्यालय, एस. एल. पोरवाल हाईस्कूल और जे. एच. पोदार हाईस्कूल के विद्यार्थियों ने पथनाट्य और नृत्य के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को उजागर किया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के जरिए बताया कि नशे की लत किस तरह किसी व्यक्ति का भविष्य बर्बाद कर सकती है। साथ ही, नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक किया।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर नशामुक्त भारत का संदेश

गौरतलब है कि 31 अक्टूबर को गुजरात के केवड़िया में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए देशभर के पुलिस दलों की मोटरसाइकिल रैली टीमें केवड़िया पहुंच रही हैं। महाराष्ट्र पुलिस भी इस राष्ट्रीय अभियान के माध्यम से नशामुक्ति और सामाजिक जनजागरूकता का संदेश दे रही है। रैली में राज्य के विभिन्न पुलिस दलों के जवान भाग ले रहे हैं। प्रत्येक टुकड़ी में 15 से 20 जवान शामिल हैं। रैली जिन शहरों से गुजरेगी, वहां स्थानीय पुलिस, नागरिकों, विद्यार्थियों और जनप्रतिनिधियों के साथ जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी कड़ी में एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय के परिमंडल-1 की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने नशाविरोधी पथनाट्य और नृत्य प्रस्तुत किए।

व्यसन नहीं, अपने लक्ष्य को चुनें: निकेत कौशिक

एमबीवीवी पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता केवल नारा नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है और इसकी शुरुआत अनुशासन से होती है। नशा युवाओं के सपनों को तोड़ता है और समाज की एकता को कमजोर करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे व्यसन के बजाय अपने लक्ष्य को चुनें। नशामुक्त युवा ही एकजुट और सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस युवाओं के साथ खड़ी है और उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए सहयोग देने को प्रतिबद्ध है।

नशे के खिलाफ जागरूकता की पहल

जब वर्दी सड़क पर उतरती है, तो सिर्फ कानून नहीं, एक संदेश भी साथ चलता है। शनिवार को मीरा रोड में ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां एमबीवीवी पुलिस ने मोटरसाइकिल रैली के माध्यम से युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया। पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक के मार्गदर्शन में आयोजित यह अभियान मीरा रोड से शुरू होकर गुजरात के केवड़िया स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक पहुंचेगा। इसका उद्देश्य देशभर के युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है।

खदान के तालाब में डूबे किशोर का 24 घंटे बाद मिला शव

श्मशान भूमि के पास तालाब में डूबा था किशोर

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी तालुका के कटाई गांव में तालाब में डूबे 15 वर्षीय आयान का शव करीब 24 घंटे बाद बरामद हुआ। रविवार दोपहर से शुरू हुआ तलाशी अभियान सोमवार को सफल हुआ। दमकल विभाग की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद किशोर का शव तालाब से बाहर निकाला। कम उम्र में हुई इस दर्दनाक मौत से परिजनों और परिचितों में शोक की लहर फैल गई है।

सोमवार को बरामद हुआ शव



सोमवार को दमकल विभाग की टीम ने दोबारा तलाशी अभियान चलाया, जिसके बाद आयान का शव बरामद हुआ। शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं, निजामपुर पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि आयान करीब 15 दिन पहले ही काम करने के लिए भिवंडी आया था। वह यहां एक पावरलूम कारखाने में कांडी मशीन चलाने का काम करता था। रोजी-रोटी की तलाश में भिवंडी आए किशोर की असमय मौत से इलाके में शोक का माहौल है। फिलहाल, आयान तालाब तक किन परिस्थितियों में पहुंचा और वह पानी में कैसे डूबा, इसकी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

श्मशानभूमि के पास स्थित तालाब में डूबने की सूचना

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर कटाई गांव में श्मशानभूमि के पास स्थित तालाब में एक किशोर के डूबने की सूचना मिली थी। जानकारी मिलते ही भिवंडी-निजामपुर शहर महानगरपालिका के अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तलाशी अभियान शुरू किया। पहले दिन काफी देर तक खोजबीन करने के बावजूद किशोर का कोई सुराग नहीं मिला।

भिवंडी के प्रभाग 5 और 6 में जलसंकट, जनआंदोलन की चेतावनी

पेयजल, सफाई, स्ट्रीट लाइट और नालियों की समस्या दूर करने की मांग

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी महानगरपालिका के प्रभाग समिति क्रमांक 5 और 6 में पेयजल की किल्लत से नागरिक परेशान हैं। पानी की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही सफाई, स्ट्रीट लाइट और नालियों जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग मुंबई उच्च न्यायालय समिति के सदस्य अशोक जैन ने मनपा आयुक्त अनमोल सागर से की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं हुआ तो नागरिकों के साथ जनआंदोलन किया जाएगा।

पानी के लिए तड़के तीन बजे पहुंचे जनप्रतिनिधि



जलसंकट की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 23 अक्टूबर को तड़के करीब तीन बजे महापौर नारायण चौधरी, नगरसेवक एड. वैभव भोईर, नगरसेविका रोमा आल्शी और नगरसेवक बाबा बाउद्दीन को प्रभावित नागरिकों के बीच पहुंचना पड़ा। इस दौरान महापौर द्वारा जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मनपा के जलापूर्ति विभाग के कार्यकारी अभियंता संदीप पटणावर से अनुरोध किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

अवैध नल कनेक्शनों पर कार्रवाई की मांग

अशोक जैन ने आयुक्त को सौंपे निवेदन में प्रभाग 5 और 6 में अवैध नल कनेक्शन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा जलसंकट दूर करने के लिए तत्काल प्रभावी उपाय लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि करदाताओं को शुद्ध पेयजल और अन्य जरूरी नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना महानगरपालिका की जिम्मेदारी है।

समाधान नहीं हुआ तो होगा आंदोलन

अशोक जैन ने स्पष्ट किया कि पानी की समस्या के साथ सफाई, स्ट्रीट लाइट और नालियों से जुड़ी शिकायतों का भी प्राथमिकता से निपटारा किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मनपा प्रशासन ने मांगों पर समय रहते कार्रवाई नहीं की, तो नागरिकों को साथ लेकर बड़े पैमाने पर जनआंदोलन किया जाएगा। अब देखना होगा कि प्रशासन इन समस्याओं के समाधान के लिए क्या कदम उठाता है।

डी मार्ट से 7 हजार रुपये की घरेलू वस्तुओं की चोरी का प्रयास, रिक्शा चालक गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

अंबरनाथ पश्चिम स्थित डी मार्ट में घरेलू उपयोग की वस्तुओं की चोरी का प्रयास करने के आरोप में पुलिस ने एक रिक्शा चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी शरद उत्तम यशवंत (45), निवासी चिंचपाड़ा, कल्याण पूर्व, ने 24 अक्टूबर 2026 की रात करीब 9:15 बजे अंबरनाथ पश्चिम स्थित डी मार्ट से घरेलू उपयोग की 28 वस्तुएं चोरी करने के इरादे से बाहर ले जाने का प्रयास किया। इन वस्तुओं की कुल कीमत 7,365 रुपये बताई गई है। आरोपी ने एग्जिट काउंटर पर पहले खरीदी गई वस्तुओं का बिल दिखाकर बाहर निकलने की कोशिश की। हालांकि, जांच के दौरान संदेह होने पर उसे पकड़ लिया गया। इस मामले में अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 305(अ) एवं 62 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की आगे की जांच अंबरनाथ पुलिस स्टेशन की मपोउनि कमल ठाकरे कर रही हैं।



रामलोचन दुबे के निधन से शोक की लहर

कमला नेहरू नगर निवासी 'चाचा' के नाम से थे प्रसिद्ध

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

कमला नेहरू नगर निवासी एवं सभी के प्रिय 'चाचा' के नाम से प्रसिद्ध रामलोचन दुबे का हृदयाघात के कारण निधन हो गया। उन्होंने अपने मूल जन्मस्थान दुबेपुर, पोस्ट-जलालपुर में अंतिम सांस ली। उनके निधन से परिवार, मित्रों और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों में शोक की लहर फैल गई है। रामलोचन दुबे परिश्रमी व्यक्तित्व, कुशल कामगार, सामाजिक कार्यकर्ता और कामगार नेता के रूप में अपनी अलग पहचान रखते थे। उन्होंने सेंच्युरी रेयान कंपनी के सीएस-2 विभाग में लंबे समय तक सेवाएं दीं और सेवानिवृत्त हुए। दुबे प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से जुड़े हुए थे और आध्यात्मिक जीवन में उनकी गहरी आस्था थी। अंतिम समय तक 'बाबा' का स्मरण करते हुए वे शिव बाबा के चरणों में विलीन हो गए। रामलोचन दुबे का अंतिम संस्कार काशी विश्वनाथ धाम में किया जाएगा। उनके निधन से परिचितों और शुभचिंतकों में शोक व्याप्त है।



भिवंडी के वार्ड 19 और 20 में दो करोड़ से बनेंगी सीसी सड़कें और गटर

भंडारी कंपाउंड, टावरे कंपाउंड और गंगारामवाड़ी में विकास कार्यों का भूमिपूजन

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

शहर के वार्ड क्रमांक 19 और 20 में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए दो करोड़ रुपये की लागत से सीमेंट कंक्रीट (सीसी) सड़कों और गटर का निर्माण किया जाएगा। भंडारी कंपाउंड, टावरे कंपाउंड और गंगारामवाड़ी में होने वाले इन कार्यों से स्थानीय नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद है। इन विकास कार्यों के लिए भिवंडी पश्चिम के विधायक महेश चौगुले के प्रयासों से निधि मंजूर होने की जानकारी दी गई है।

जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में भूमिपूजन



26 अक्टूबर 2026 को सुबह 11 बजे भंडारी कंपाउंड में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर महापौर नारायण चौधरी, प्रभाग समिति के अध्यक्ष, नगरसेवक यशवंत टावरे, समाजसेवक इरफान हदीस अंसारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। परियोजना में सौ. प्रीति बिबेक जगताप, प्रकाश राजाराम टावरे और सुवर्णा मोहन म्हात्रे के नाम भी सामने आए हैं।स्थानीय नागरिक लंबे समय से बेहतर सड़कों और जल निकासी की व्यवस्था की मांग कर रहे थे। खराब सड़कों के कारण आवागमन में परेशानी होती है, जबकि बारिश के दौरान गटर से जुड़ी समस्याएं भी बढ़ जाती हैं। सीसी सड़कों के निर्माण से आवागमन सुगम होने और गटर व्यवस्था में सुधार से जलभराव की समस्या कम होने की उम्मीद है।

निर्माण की गुणवत्ता पर रहेगी नजर

दो करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं के लिहाज से महत्वपूर्ण है। हालांकि, नागरिकों को इसका वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और तय समयसीमा में पूरे होंगे। ऐसे में संबंधित विभागों के सामने सड़कों की मजबूती, गटर की उचित निकासी और निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी होगी।

भगवान महर्षि वाल्मीकि नगर प्रवेशद्वार का भव्य उद्घाटन

विधायक कुमार आयलानी के हाथों हुआ लोकार्पण, बड़ी संख्या में नागरिक रहे उपस्थित

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

भारतीय जनता पार्टी की नगरसेविका ज्योती पिंटू भठीजा के प्रयासों से उल्हासनगर महानगरपालिका के पैनल क्रमांक 12 स्थित फॉलवर लाइन परिसर में भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर निर्मित 'भगवान महर्षि वाल्मीकि नगर प्रवेशद्वार' का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। विधायक कुमार आयलानी ने किया लोकार्पण प्रवेशद्वार का लोकार्पण विधायक कुमार आयलानी के हाथों किया गया। भगवान महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों, समाज के प्रति उनके योगदान और उनकी स्मृति को सम्मान देने के उद्देश्य से इसका निर्माण किया गया है। उद्घाटन समारोह में स्थानीय नागरिकों, युवाओं और समाज के गणमान्य लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में उत्साह और हर्ष का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर नगरसेवक दीपक (टोनी) शिरवानी, नगरसेविका ज्योती पिंटू भठीजा, पिंटू भठीजा, कैलाश म्हात्रे, सविता तोरणे, मालती राधाचरण करोतीय सहित अनेक पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



खिड़काली गांव की म्हात्रे आळी में सड़क विकास कार्य का भूमिपूजन

सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की निधि से होगा सड़क का विकास

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

कल्याण ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के खिड़काली गांव स्थित म्हात्रे आळी में सड़क विकास कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की विशेष निधि से होने वाले इस कार्य से स्थानीय नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलने की उम्मीद है।

नागरिकों की मांग पर सड़क विकास कार्य को मंजूरी

कल्याण ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में बुनियादी सुविधाओं के विकास पर जोर दिया जा रहा है। म्हात्रे आळी के नागरिकों की सड़क विकास की मांग को ध्यान में रखते हुए इस कार्य को मंजूरी दी गई है। सड़क के विकास से स्थानीय लोगों की आवाजाही अधिक सुगम होने की उम्मीद है।

क्षेत्र के विकास कार्य जारी रहेंगे : विधायक राजेश मोरे



भूमिपूजन कार्यक्रम में नगरसेवक बाबाजी पाटील, नगरसेविका अर्चना पाटील, स्थानीय पदाधिकारी, महिला आघाड़ी की पदाधिकारी, शिवसैनिक और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। विधायक राजेश मोरे ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि खिड़काली गांव सहित कल्याण ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

वसई पूर्व में दो छोटे पुलों का भूमिपूजन

वसई। ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से वसई पूर्व के दिवेकर पाड़ा और सरजापाड़ा क्षेत्र में दो छोटे पुलों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इन पुलों का निर्माण नाबार्ड योजना के अंतर्गत किया जाएगा। इससे स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलने और ग्रामीण संपर्क व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद है। नागले दिवेकर पाड़ा से फणसपाड़ा जाने वाले रास्ते पर नाबार्ड योजना के तहत छोटे पुल का निर्माण किया जाएगा। इस पुल से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आने-जाने में सुविधा मिलने की उम्मीद है। पोमण से सरजापाड़ा को जोड़ने वाले मार्ग पर भी छोटे पुल का निर्माण प्रस्तावित है। इसके बनने से स्थानीय नागरिकों का आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी।




मुंबई में पुलिस पर हमले की दो वारदातें

- नाकाबंदी के दौरान पुलिसकर्मी पर तलवार से हमला
- भांडुप में नशे में धुत बाइक सवार ने पुलिस टीम पर चढ़ाई मोटरसाइकिल
- एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश जारी

संतोष गुप्ता । मुंबई

मुंबई में पुलिसकर्मियों पर हमले की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं। दक्षिण मुंबई के कल्पना जंक्शन पर नाकाबंदी के दौरान एक आरोपी ने पुलिसकर्मी पर तलवार से हमला कर उन्हें जान से मारने की कोशिश की, जबकि भांडुप पश्चिम में शराब के नशे में धुत एक बाइक सवार ने पुलिसकर्मियों को मोटरसाइकिल से कुचलने का प्रयास किया। दोनों घटनाएं 25 अक्टूबर की रात और तड़के हुईं। इन वारदातों में पुलिसकर्मियों को निशाना बनाने के साथ उनके सरकारी काम में बाधा डालने का भी आरोप है। एम.आर.ए. मार्ग पुलिस ने तलवार से हमले के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका साथी फरार है। भांडुप मामले में भी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



नाकाबंदी के दौरान तलवार निकालकर हमला

दक्षिण मुंबई के कल्पना जंक्शन स्थित पी. डी'मेलो रोड पर 25 अक्टूबर की रात करीब 12:30 से 1 बजे के बीच पुलिसकर्मी सचिन गोरख कोकरे (39) नाकाबंदी की ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान कर्नाक बंदर की ओर से एक स्कूटर पर सवार दो लोग विपरीत दिशा से आते दिखाई दिए। पुलिसकर्मी ने स्कूटर रोकने का प्रयास किया तो पीछे बैठे करीब 35 वर्षीय आरोपी ने कथित तौर पर जेब से छोटी तलवार निकालकर उन पर हमला करने की कोशिश की। आरोप है कि आरोपी ने पुलिसकर्मी के साथ गाली-गलौज और मारपीट की तथा उनकी सरकारी वर्दी भी फाड़ दी। इस घटना में पुलिसकर्मी को घायल करने और सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने के आरोप में एम.आर.ए. मार्ग पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस टीम पर बाइक चढ़ाने की कोशिश

दूसरी घटना भांडुप पश्चिम स्थित मद्रास कैफे, साउथ बॉन्ड के पास 25 अक्टूबर की सुबह करीब 2:30 बजे हुई। पुलिसकर्मी आप्पासो संभाजी हजारे (37) की शिकायत के अनुसार, पुलिस टीम नियमित ड्यूटी पर तैनात थी। इसी दौरान 27 वर्षीय आरोपी कथित तौर पर शराब के नशे में तेज रफ्तार से काले रंग की बजाज पल्सर एनएस मोटरसाइकिल चलाते हुए वहां पहुंचा। आरोप है कि बाइक सवार ने जानबूझकर पुलिसकर्मी, उनके साथ मौजूद अन्य कर्मचारियों और अधिकारियों पर मोटरसाइकिल चढ़ाने की कोशिश की। इससे पुलिसकर्मियों की जान को खतरा पैदा हुआ और उनके सरकारी काम में बाधा पहुंची। जांच में आरोपी के शराब के नशे में होने की बात सामने आने के बाद भांडुप पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

दोनों मामलों में गंभीर धाराओं के तहत कार्रवाई

कल्पना जंक्शन की घटना में एम.आर.ए. मार्ग पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 109(1), 132, 121(1) और 221 सहित शस्त्र अधिनियम तथा महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं, भांडुप की घटना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1), 221, 281 और 125 तथा मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

वर्सोवा-बांद्रा सी लिंक की समयसीमा बढ़ी

- परियोजना में 1,421 दिनों की समयवृद्धि मंजूर, अब 17 मई 2028 तक पूरा होगा काम
- संशोधित लागत बढ़कर 18,120 करोड़ रुपये से अधिक हुई

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

वर्सोवा-बांद्रा सी लिंक परियोजना के पूरा होने की समयसीमा बढ़ाकर 17 मई 2028 कर दी गई है। महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास महामंडल (एमएसआरडीसी) ने सूचना का अधिकार कार्यकर्ता अनिल गलगली को दिए जवाब में यह जानकारी दी है। मूल अनुबंध के अनुसार परियोजना का काम 21 जून 2024 तक पूरा होना था, लेकिन विभिन्न कारणों से अब तक 1,421 दिनों की समयवृद्धि मंजूर की गई है। वहीं, परियोजना की संशोधित लागत बढ़कर लगभग 18,120.16 करोड़ रुपये हो गई है।

चार कारणों से बढ़ी समयसीमा



एमएसआरडीसी के अनुसार, परियोजना में देरी के लिए चार प्रमुख कारण जिम्मेदार रहे। कास्टिंग यार्ड के लिए जगह उपलब्ध कराने में 250 दिन, कोविड-19 महामारी और लॉकडाउन के कारण 180 दिन, जॉइंट वेंचर के पुनर्गठन और कानूनी बदलावों के चलते 483 दिन तथा काम के दायरे में बदलाव के कारण 508 दिनों की समयवृद्धि मंजूर की गई।

काम के दायरे में बदलाव के तहत स्थानीय कोली समुदाय की मांगों के अनुसार नेविगेशन स्पैन और परियोजना की रूपरेखा में संशोधन, मालाड स्थित कास्टिंग यार्ड का स्थानांतरण और अतिरिक्त संपर्क सड़कों का निर्माण शामिल है। महामंडल के मुताबिक, तकनीकी समिति और सलाहकारों की समीक्षा के बाद इन कारणों पर विचार कर समयवृद्धि स्वीकृत की गई।

फिलहाल ठेकेदार पर जुर्माना नहीं

परियोजना का ठेका मेसर्स बी. वर्ल्ड अपको जेवी के पास है। एमएसआरडीसी ने अपने जवाब में कहा है कि स्वीकृत समयवृद्धि को देखते हुए मौजूदा परिस्थितियों में ठेकेदार पर लिक्विडेटेड डैमेजेस (एलडी) लगाने या उसकी वसूली करने का प्रावधान लागू नहीं होता। हालांकि, महामंडल ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में ठेकेदार की लापरवाही या उसके नियंत्रण में आने वाले कारणों से काम में देरी होती है, तो अनुबंध की शर्तों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई कर एलडी की वसूली की जा सकती है।

जुर्माना लगाने की प्रक्रिया की हो समीक्षा : राज ठाकरे

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने राज्य में इलेक्ट्रॉनिक ट्रैफिक चालान (ई-चालान) व्यवस्था लागू करने के तरीके पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह ई-चालान के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन जुर्माना लगाने की प्रक्रिया की समीक्षा होनी चाहिए। उनके मुताबिक, केवल जुर्माना लगाने से यातायात की समस्या का समाधान नहीं होगा। इसके लिए बढ़ते वाहनों के दबाव, अनियोजित शहरी विकास और परिवहन व्यवस्था की खामियों को दूर करना जरूरी है।

यातायात प्रबंधन की जिम्मेदारी केवल पुलिस पर नहीं



राज ठाकरे सोमवार को नवी मुंबई के वाशी में परिवहन कर्मचारियों की एक सभा को संबोधित कर रहे थे। बाद में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा पोस्ट में उन्होंने कहा कि यातायात का बढ़ता दबाव और नियोजन की कमी पुलिस के साथ आम नागरिकों के लिए भी परेशानी पैदा कर रही है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई जरूरी है, लेकिन सड़क उपयोगकर्ताओं की समस्याओं को भी समझना होगा।

अपने ड्राइवरों को दिए नियम पालन के निर्देश

मनसे प्रमुख ने यातायात नियमों के पालन पर जोर देते हुए अपने वाहन चालकों का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस सुरक्षा मिलने के बावजूद उन्होंने अपने सभी ड्राइवरों को निर्देश दिए हैं कि कितनी भी जल्दी हो, ट्रैफिक सिग्नल का उल्लंघन नहीं किया जाए। हालांकि, उन्होंने कहा कि वाहनों के बढ़ते पंजीकरण और आबादी के दबाव को नजरअंदाज कर यातायात प्रबंधन की पूरी जिम्मेदारी पुलिस पर नहीं डाली जा सकती।

फ्लाईओवर और पुलों की योजनाओं पर भी सवाल

राज ठाकरे ने कहा कि आसपास की सड़कों की क्षमता और वाहनों की आवाजाही का आकलन किए बिना फ्लाईओवर और पुलों का निर्माण करने से जाम की समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल सकता। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना बनाते समय सड़कों पर प्रतिदिन आने वाले नए वाहनों और विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ती आबादी को ध्यान में रखना चाहिए। मुंबई की उपनगरीय लोकल ट्रेन सेवाओं पर निर्भरता का मुद्दा उठाते हुए ठाकरे ने सवाल किया कि यदि किसी दिन लोकल ट्रेनें बंद हो जाएं और यात्रियों को निजी वाहनों से सफर करना पड़े, तो शहर की सड़कें इतना अतिरिक्त दबाव कैसे संभालेंगी?

विपक्ष विकास परियोजनाओं में बाधा डाल रहा : केशव उपाध्ये



मुंबई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश उपाध्यक्ष केशव उपाध्ये ने सोमवार को विपक्ष पर महाराष्ट्र के विकास में बाधा डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य में जब भी कोई नई विकास परियोजना शुरू होती है, विपक्ष उसे पर्यावरण विरोधी बताकर भ्रामक जानकारी फैलाने लगता है। इससे जनता गुमराह होती है और विकास कार्यों पर भी असर पड़ता है।

टोरंट परियोजना का विरोध करने पर विपक्ष को घेरा

मुंबई स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उपाध्ये ने कहा कि भीमाशंकर के पास प्रस्तावित टोरंट परियोजना से बिजली उत्पादन बढ़ने के साथ रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इसके बावजूद विपक्षी नेता बिना ठोस कारण के इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास विरोधी रवैये के कारण महाराष्ट्र, खासकर मुंबई, को पहले भी नुकसान उठाना पड़ा है। उपाध्ये के अनुसार, राज्य में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। पिछले आठ से दस दिनों के दौरान बिजली की मांग 38 हजार मेगावाट के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई थी।

रेवंत रेड्डी ने फडणवीस से की मुलाकात



मुंबई। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुंबई के सह्याद्रि स्टेट गेस्ट हाउस में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। इस दौरान तुम्मिदिहट्टी परियोजना पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। इस बैठक में तेलंगाना के सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी, दोनों राज्यों के मुख्य सचिव और सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। दरअसल, तेलंगाना, 152 मीटर के 'फुल रिजर्वायर लेवल' (एफआरएल) पर बैराज बनाने के लिए महाराष्ट्र की सहमति मांग रहा है। महाराष्ट्र पहले 148 मीटर की ऊंचाई पर सहमत हो गया था, लेकिन तेलंगाना सरकार का कहना है कि इस स्तर पर पानी की जरूरी मात्रा को दूसरी तरफ मोड़ना संभव नहीं होगा।

मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल

म्हाडा MHADA

(महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)

दूरभाष: 022-66405250 ई-मेल: eee.east1@gmail.com

संदर्भ क्रमांकः EE/East/MSIB/etender/49/2026-27

ई-निविदा सूचना क्रमांक 49

कार्यकारी अभियंता (पूर्व) विभाग, मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल (म्हाडा की इकाई), कमरा नंबर 536, चौथी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400051, दूरभाष क्रमांक 022-66405251 द्वारा कुल 08 कार्यों के लिए खुली/नियमित ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदाएँ बी-1 (प्रतिशत दर) प्रारूप में संबंधित उपयुक्त श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों अथवा किसी भी सरकारी/अर्ध-सरकारी संगठन से ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित की जा रही हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध होंगे, जहाँ से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड किए जा सकते हैं। निविदा दस्तावेज की बिक्री प्रारंभः 28 अक्टूबर 2026, सुबह 10:05 बजे से। निविदा दस्तावेज की बिक्री की अंतिम तिथिः 04 नवंबर 2026, शाम 6:15 बजे तक। यदि कोई शुद्धिपत्र (Corrigendum) या संशोधन जारी किया जाता है, तो उसे केवल https://mahatenders.gov.in वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। सक्षम प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। सशर्त निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएँगी।

Follow us: @mhadaofficial

सीपीआरओ/ए/807

सही/-
कार्यकारी अभियंता (पूर्व)
मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल, मुंबई

म्हाडा-राष्ट्र में अग्रणी आवास प्राधिकरण

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल

ई-निविदा सूचना

निविदा संख्या: Snt_RTM_W_26_Tele_18 • **दिनांक:** 24.10.2026 • **कार्य का नाम:** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के विभिन्न खंडों में कवच/एलटीई (Kavach/LTE) के लिए 4×48 ओएफसी बैकबोन के प्रावधान के संबंध में दूरसंचार उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य। • **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 69,34,29,481.58/- (रुपये उनहत्तर करोड़ चौंतीस लाख उनतीस हजार चार सौ इक्यासी और अट्ठावन पैसे मात्र)। • **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य • **बयाना राशि (ईएमडी):** रु. 1,38,68,600.00/- • **कार्य पूरा करने की अवधि:** अठारह (18) महीने • **ई-निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 25/11/2026 को 15:00 बजे तक • **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 25/11/2026 को 15:30 बजे • **प्रस्ताव की वैधता:** निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन। निविदा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। CRY/305

Like us on: facebook.com/WesternRly

9 माह के बेटे को स्काईवॉक से नीचे फेंका, गिरफ्तार

मुंबई। घाटकोपर रेलवे स्टेशन के पास पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के दौरान एक पिता पर अपने नौ माह के बेटे को स्काईवॉक से नीचे फेंकने का आरोप है। ऊंचाई से गिरने के कारण बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सायन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घाटकोपर पुलिस ने आरोपी पिता जफर शेख को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक, रविवार रात आरती जफर शेख अपने नौ माह के बेटे आरव के साथ घाटकोपर रेलवे स्टेशन के पास स्थित स्काईवॉक पर थीं। इसी दौरान उनके पति जफर शेख वहां पहुंचे। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर जफर ने आरती के साथ गाली-गलौज की और गुस्से में आकर बच्चे को स्काईवॉक से नीचे फेंक दिया।

घटना के बाद मौके पर मौजूद लोग बच्चे की मदद के लिए पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल बच्चे को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए सायन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

घाटकोपर पुलिस ने आरती की शिकायत के आधार पर जफर शेख के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

वसई-विरार शहर महानगरपालिका

जा.क्र.वविशम/प्रससा जाहि./230/2026 दि.26/10/2026

महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम 1948 चे अनुसुचितील प्रकरण 8 (कराधान नियम) मधील कलम 1 (1) व 1(2) अन्वये व 469 कलमच्या नुसार जाहिर नोटीस खालोल मालमत्तेच्या हस्तांतरण संबंधित वसई-विरार शहर महानगरपालिका विभागीय कार्यालय विरार येवे प्राप्त मालमत्ता प्रकरणतत्वे नोटीसीनुसार सदर हस्तांतरण संदर्भाने हरकत आक्षेप असल्यास ही नोटीस प्रसिध्द झाल्यापासून 15 दिवसांच्या आत हितसंबंधाच्या हरकतीच्या लेखी पुराव्यासह वसई विरार शहर महानगरपालिका विभागीय कार्यालयात लेखी स्वरुपात हरकत नोंदवावी. करवसुलीच्या सोयीसाठी हस्तांतरण करुन महानगरपालिका पुराव्यासह नोंद घेतली नाईल.

अ क्र	दिनांक	अनुसुचित दोन/तीन मधील नोटीसीचा मालमत्ता क्र.	करनिर्धार पुस्तकातील वॉर्ड क्र.	मालमत्तेचे ठिकाण	मालमत्तेचे स्वरूप	ज्यांचे नावे मालमत्ता आहे त्यांचे म्हणजे मालमत्ता विकणा-याचे नाव किंवा अभिहस्तांकन कत्यांचे नाव	खरेदीखताचे किंवा अभिहस्तांकन करत्यांचे नाव
1.	18-06-26	VR20/110/4	20	सिध्दार्थ हाईटस बीर सावरकर रोड	निवासी	वज्रेश्वरी डेव्हलपर्स	यकीन कमलेश शाह व मोना यकीनकुमार शाह
2	18-06-26	VR08462/1	01	वरद विनायक चाळ बी-4	निवासी	अर्चना दिलीप जयस्वाल	राजेश रामबंद्र कान्दु व रुपा राजेश कान्दु
3	18-06-26	VR01/829/4	01	जी.एम. नगर एन एक्स टॉवर	निवासी	जी एम बिल्डर्स अण्ड डेव्हलपर्स	तन्मय कृष्णा शेटकर व कल्पेश कृष्णा शेटकर व अर्चना कृष्णा शेटकर
4	18-06-26	VR02/932/4	02	जिवदानी सागर अपार्ट, विरार पूर्व	निवासी	रुचिता रविंद्र शेट्टे	रविंद्र दगडु जिरे
5	18-06-26	VR018833/11	01	साई कृपा अपार्टमेंट, रुम नं 102	निवासी	महेश मोहन इलगे	प्रशांत कृष्णा कानडे व रत्नप्रभा कृष्णा कानडे
6	18-06-26	VR01/578/35	01	इंद्रप्रस्थ अपार्ट. ए/306	निवासी	महेश सुरेश बेवले	दिपक सहदेव जडयार
7	19-06-26	VR04/484/6	04	भक्ती सदन, उषा किरण पुढे, जिवदानी रोड	निवासी	नानजी लालजी वाढेल	राजेंद्र वी पेडू
8	19-06-26	VR22/126/46	22	एन जी एन क्लेव नं-1	निवासी	संतोष पांडुरंग दणे	यश मुकेश पाटील
9	19-06-26	VR02/55/34	02	रिध्दी सिध्दी रेसिडेन्सी, बी-303	निवासी	आप्पा बाळा देसाई	रोहित नरसो पंडीत व नरसो बापू पंडीत
10	19-06-26	VR01/777/18	01	साई श्रध्दा अपार्टमेंट रुम नं 301	निवासी	महेंद्र रामदास काळे	अपूर्वा अनिल घरदास
11	19-06-26	VR05/1746/2	05	मा जिवदानी अपार्टमेंट रुम नि 04	निवासी	बृजपाल बाल किशन गोड	चंदन कुमार साहू
12	19-06-26	V205/1669/83	05	साई यश संकुल चौया मजला विरार पूर्व	निवासी	सदाशिव बाबू लोके	माधवी मनोज जाधव
13	19-06-26	VR32/28/102/22	32	हिराभुवन अपार्टमेंट विर सावरकर मार्ग	निवासी	अनिलकुमार अग्रहरि	सुभाषचंद्र एस अग्रहारी
14	19-06-26	VR05/2736/20	05	जिवदानी कृपा चाळ, रुम नं सी 01	निवासी	अरुण कुमार झा	रेनु कृष्णानंदन झा
15	19-06-26	VR05/2585/15	05	साई गणेश अपार्टमेंट	निवासी	अरविंद रघुनाथ पवार	वैशाली रघुनाथ पवार व पंकज रघुनाच पवार
16	19-06-26	VR05/1482/67	05	दामोदर इन्क्लेव्ह बिल्डींग	निवासी	हिरेश श्रीधर परब	विनोद हरिलाल गुप्ता
17	19-06-26	V205/1600/118	05	जय जिवदानी सुजाता अपार्ट बिनं 3	निवासी	अशोक सखाराम परवडी	प्रकाश नामदेव लोहार
18	19-06-26	VR05/2715/78	05	मनाली दर्शन अपार्टमेंट, सहकार नगर	निवासी	मधुकर सोनावणे	अरुण गोंविद परव
19	19-06-26	VR05/1696/38	05	गीता अपार्टमेंट सो बिंग सहकार नगर	निवासी	अमरनाथ पजियार	प्रशांत मिश्र
20	19-06-26	VR05/1685/44	05	जगमाता दर्शन अपार्ट बि नं 01	निवासी	जगमात इंटरप्रायजेस	रंजीरा आनंद झा

सही/-
सहा. आयुक्त
प्रभाग समिती "सी" चंदनसार वसई विरार शहर महानगरपालिका

संपादकीय

दिव्यता के दिव्यांग

जापान के आईची-नागोया में संपन्न पैरा एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने नया इतिहास रचा है। अब तक हुए पैरा एशियन खेलों में हमारे खिलाड़ियों का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में तीस स्वर्ण व पैंतीस रजत पदकों समेत कुल 114 पदक भारत की झोली में डाले। जबकि 2023 के पैरा एशियन गेम्स में एक बड़े दल ने 108 मेडल ही जीते थे। इस बार के खिलाड़ियों का दल पिछले के मुकाबले छोटा था, मगर उपलब्धियां बड़ी रही। एक ओर जहां जापान में संपन्न एशियाई खेलों में भारतीय दल पांचवें स्थान पर रहा था, वहीं पैरा खिलाड़ियों की कामयाबी ने देश को एशिया में चौथे नंबर का विजेता बनाया है। आईची-नागोया में संपन्न खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने कई नए रिकॉर्ड बनाये और कई पुराने रिकॉर्ड तोड़े हैं। जापान में पहली बार आयोजित इन खेलों में एशिया के 45 देशों व क्षेत्रों के चार हजार खिलाड़ी व कोच आदि शामिल थे। इन खेलों का पहला संस्करण वर्ष 2010 में चीन के ग्वांगझू में आयोजित हुआ था। निश्चय ही भारतीय खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत, लगन व आत्मविश्वास से यह असामान्य कामयाबी हासिल की है। इन खिलाड़ियों की यह सफलता हर किसी भारतीय के लिये प्रेरणादायक है कि किसी भी तरह की शारीरिक अपूर्णता हमारे इरादों को कमजोर नहीं कर सकती है। हमें हर चुनौती में सकारात्मक रहते हुए अपने लक्ष्य हासिल करने चाहिए। हम बड़े सपने देख सकते हैं और कड़ी मेहनत व लगन से उन्हें हकीकत में बदल सकते हैं।

आईची-नागोया में संपन्न पैरा एशियाड खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने हर क्षेत्र में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करवायी है। पैरा एथलेटिक्स खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। जिसमें कुल पैंसठ पदक जीते गए। इसके अलावा पदकों के अनुपात में यह कामयाबी बैडमिंटन, तैराकी और तीरंदाजी में रही। वहीं निशानेबाजी,टेबल-टेनिस, जूडो और पावरलिफ्टिंग में भी हमने पदक जीते। इन्हीं कामयाबियों से हम अब तक के पैरा एशियन गेम्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में कामयाब रहे। कल्पना की जा सकती है कि हमारे पैरा खिलाड़ियों ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिये कितनी मेहनत की होगी। एक तो विभिन्न किस्म की शारीरिक चुनौतियों व अपूर्णताओं से जूझना और फिर एशिया स्तर तक के मुकाबले के लिये योग्यता हासिल करना। कहावत है कि 'सुबह जिसकी हुई, वह सचमुच सारी रात नहीं सोया होगा।' कहने का अभिप्राय यह है कि जब किसी व्यक्ति को कोई सफलता मिलती है तो उसके पीछे उसका लंबा त्याग, संघर्ष और मेहनत शामिल होती है। खासकर उस समाज में जहां दिव्यांगों को हेय भाव से देखा जाता है। हमारा सामाजिक ढांचा अब तक ऐसा नहीं बन पाया है, जिसमें दिव्यांगों का जीवन सहज-सरल हो सके। हम उनके जीवन को सहज बना सकने वाली सुविधाएं, उन्हें अब तक उपलब्ध नहीं करा पाए। देश के हर छोटे-बड़े शहर में ऐसी खेल सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए, जहां पैरा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को निखार सकें। साथ ही सरकार को इन खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देने के बजाय ऐसे अवसर उपलब्ध कराने चाहिए, जिससे उनका शेष जीवन सुखमय-सुविधामय हो सके।

पटाखों की चमक में कहीं इंसानियत का उजाला कम न हो जाए



अमित बृज
कार्यकारी संपादक

बॉम्बे हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति डॉ. नीला गोखले की पीठ ने पटाखे नहीं जलाने के प्रति जागरूकता फैलाने में फिल्मी हस्तियों के सहयोग का सवाल उठाया है। अदालत ने कहा कि मुंबई से बहुत कुछ पाने वाली फिल्मी हस्तियों को समाज को भी कुछ लौटाना चाहिए। अदालत ने राज्य सरकार को यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे अभियान में किसी प्रसिद्ध व्यक्ति को शामिल करने के लिए जनता का पैसा बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए।

दीपावली आती है तो घरों में सफाई होती है, बाजार सजते हैं, मिठाइयां खरीदी जाती हैं और बच्चे पटाखे जलाने की जिद करते हैं। हम सब चाहते हैं कि त्योहार खुशियों से भरा हो। लेकिन कभी हमने उन लोगों के बारे में सोचा है, जिनके लिए यही खुशियां परेशानी बन जाती हैं? किसी बुजुर्ग को सांस लेने में तकलीफ होती है, किसी बच्चे को तेज आवाज से डर लगता है, तो किसी मरीज की रात बेचैनी में गुजरती है। हम अपनी खुशी में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि दूसरों की तकलीफ दिखाई ही नहीं देती। मेरे मन में सवाल उठता है कि क्या त्योहार मनाने का अर्थ केवल अपनी खुशी देखना है, या दूसरों की जिंदगी को भी थोड़ा आसान बनाना है? बॉम्बे हाईकोर्ट की हालिया टिप्पणी इसी आत्ममंथन का अवसर देती है।

बॉम्बे हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति डॉ. नीला गोखले की पीठ ने पटाखे नहीं जलाने के प्रति जागरूकता फैलाने में फिल्मी हस्तियों के सहयोग का सवाल उठाया है। अदालत ने कहा कि मुंबई से बहुत कुछ पाने वाली फिल्मी हस्तियों को समाज को भी कुछ लौटाना चाहिए। अदालत ने राज्य सरकार को यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे अभियान में किसी प्रसिद्ध व्यक्ति को शामिल करने के लिए जनता का पैसा बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान सरकारी वकील ने बताया कि फिल्मी हस्तियों की अपनी फीस होती है और वे सामाजिक अभियानों के लिए भी मुफ्त में काम करने को तैयार नहीं होतीं। अदालत ने मुंबई पुलिस के वार्षिक कार्यक्रम उमंग का उदाहरण देते हुए सुझाव दिया कि जो कलाकार वहां समय निकाल सकते हैं, वे पर्यावरण संरक्षण के लिए भी 15 मिनट दे सकते हैं। यह बात छोटी लग सकती है, लेकिन इसके भीतर समाज के प्रति जिम्मेदारी का बड़ा सवाल छिपा है। फिल्मी सितारे हमारे जीवन में केवल मनोरंजन करने वाले कलाकार नहीं रह गए हैं। उनकी लोकप्रियता का असर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक दिखाई देता है। लोग उनके कपड़ों, बोलने के अंदाज और जीवनशैली की नकल करते हैं। कंपनियां उन्हें अपने उत्पादों के प्रचार के लिए करोड़ों रुपये देती हैं, क्योंकि उनके चेहरे पर लोग भरोसा करते हैं। ऐसे में यदि यही कलाकार पटाखों से होने वाले नुकसान के बारे में लोगों को समझाएं, तो उसका प्रभाव किसी सरकारी विज्ञापन से कहीं अधिक हो सकता है। सवाल यह नहीं है कि हर कलाकार को मुफ्त में काम करने के लिए बाध्य किया जाए। सवाल यह है कि क्या समाज से मिली लोकप्रियता का कुछ हिस्सा समाज के हित में लगाने की इच्छा भी हमारे भीतर है? जब कोई कलाकार कुछ मिनट निकालकर किसी सामाजिक अभियान से जुड़ता है, तो वह केवल संदेश नहीं देता, बल्कि अपने प्रशंसकों के सामने एक उदाहरण भी रखता है। पटाखों से होने वाले प्रदूषण को समझने के लिए आंकड़ों पर भी ध्यान देना जरूरी है। हवा में मौजूद सूक्ष्म कणों का स्तर बढ़ने से सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। वर्ष 2019 में भारतीय शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन में पटाखों से निकलने वाले सूक्ष्म कणों की जांच की गई थी। अध्ययन ने संकेत दिया कि कुछ पटाखों से प्रदूषणकारी कणों का उत्सर्जन बहुत अधिक हो सकता है। मुंबई जैसे महानगर में पहले से वाहनों, निर्माण कार्यों और औद्योगिक गतिविधियों से प्रदूषण का दबाव रहता है। ऐसे में त्योहार के दौरान पटाखों का धुआं समस्या को और गंभीर बना सकता है।



बच्चों के फेफड़े, बुजुर्गों का स्वास्थ्य और दमा से पीड़ित लोगों की परेशानी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। तेज आवाज से पशु-पक्षियों और ध्वनि के प्रति संवेदनशील लोगों को भी परेशानी होती है। इसलिए यह बहस केवल पटाखे जलाने या न जलाने की नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन के अधिकार की भी है।

मुझे लगता है कि इस विषय पर समाज को आपस में लड़ने के बजाय एक-दूसरे को समझने की जरूरत है। किसी की धार्मिक आस्था का अपमान किए बिना भी पर्यावरण की रक्षा की जा सकती है। दीपावली का अर्थ केवल पटाखे नहीं हैं। दीप जलाना, घर सजाना, जरूरतमंदों के साथ खुशियां बांटना और परिवार के लोगों के बीच प्रेम बढ़ाना भी इस त्योहार का हिस्सा है। यदि कोई बच्चा पटाखे जलाने की जिद करता है, तो उसे डांटने के बजाय समझाया जा सकता है कि उसकी थोड़ी-सी खुशी किसी दूसरे की सांसों पर भारी पड़ सकती है। परिवारों और विद्यालयों में इस विषय पर बातचीत होनी चाहिए। जब बच्चे दूसरों के दुख को समझना सीखेंगे, तभी उनके भीतर संवेदनशील नागरिक बनने की नींव पड़ेगी। त्योहार की सार्थकता इस बात में नहीं कि हमने कितने पटाखे जलाए, बल्कि इस बात में है कि हमने कितने लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाई।

सरकार की जिम्मेदारी भी केवल आदेश जारी करने तक सीमित नहीं रह सकती। प्रदूषण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए स्थानीय निकायों, विद्यालयों, आवासीय समितियों, चिकित्सकों और सामाजिक संगठनों को साथ लेकर अभियान चलाया जाना चाहिए। फिल्मी कलाकारों के अलावा खिलाड़ी, चिकित्सक, शिक्षक और अन्य लोकप्रिय व्यक्तित्व भी इस काम में योगदान दे सकते हैं। मुंबई पुलिस के कार्यक्रम उमंग में कलाकारों की भागीदारी का उल्लेख अदालत ने किया है। इसी तरह पर्यावरण संरक्षण के लिए भी स्वैच्छिक सहयोग का रास्ता निकाला जा सकता है। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जनहित के अभियान पर होने वाला खर्च पारदर्शी हो और जनता के पैसे का विवेकपूर्ण उपयोग किया जाए। साथ ही, पटाखों से संबंधित लागू नियमों और न्यायालय के आदेशों का पालन भी सुनिश्चित हो। जागरूकता, संवाद और उचित कार्रवाई एक साथ चलें, तभी परिणाम दिखाई देंगे।

हमारी गीता

संयमी, जागृत मुनि



स्वामिनी निष्कलानंदा
चिन्मय मिशन कल्याण

या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी।
यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुनेः॥


सब प्राणियों के लिए जो रात्रि के समान है, उसमें संयमी पुरुष जागता है। जिसमें सब प्राणी जागते हैं, वह आत्मतत्त्व को देखने वाले मुनि के लिए रात्रि के समान है।

जागृति, निशा, संयम, मुनि और पश्यतः अर्थात देखने के इन पांच शब्दों पर विचार करना आवश्यक है। हम कब, कहां और किस विषय में जागते हैं तथा कब सो जाते हैं, यह हमारे संयम और चिंतन पर निर्भर करता है। स्वार्थ के लिए काम करते समय हम सत्य, न्याय और मानवता के प्रति सोए रह सकते हैं। ऐसी स्थिति में दिन का उजाला होते हुए भी हमारे जीवन में अंधकार छाया रहता है। केवल शरीर की तंदुरुस्ती और सुंदरता के लिए व्रत रखना स्वार्थ हो सकता है, परमार्थ नहीं। धन-दौलत, प्रसिद्धि, प्रतिष्ठा, यौवन, मित्र और परिवार के लिए जागते रहना भी परमार्थ नहीं है। ये सभी जीवन के साधन हैं और परमार्थ के मार्ग में हमारे साथी हैं। इन्हें ही जीवन का अंतिम लक्ष्य मानकर इनमें उलझ जाना अज्ञान की नींद है। इनके प्रति आसक्ति असंयम है, जबकि आत्मस्वरूप को जानना, आत्मप्रकाश का अनुभव करना और सबमें एकत्व देखना वास्तविक जागृति है। यह जागरण संयम से ही संभव है। कर्म एक ही हो सकता है, लेकिन उसके पीछे का उद्देश्य उसे अलग अर्थ देता है। यदि कोई काम संकुचित स्वार्थ से किया जाता है, तो वह असंयम का रूप ले सकता है।

शख्सियत

जतिंद्र नाथ दास

त्याग, अदम्य साहस और क्रांतिकारी संघर्ष के अमर प्रतीक



भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अनेक ऐसे अमर सेनानियों के नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हैं, जिन्होंने अपनी जवानी हँसते-हँसते देश के नाम कर दी।

इन्हीं महान क्रांतिकारियों में एक अत्यंत प्रखर और प्रेरणादायी नाम जतिंद्र नाथ दास, जिन्हें प्यार से 'जतिन दास' कहा जाता है, का आता है। उन्होंने अंग्रेजों के क्रूर और अमानवीय शासन के खिलाफ ऐतिहासिक भूख हड़ताल करते हुए जेल में ही अपने प्राणों की आहुति दे दी। जतिंद्र नाथ दास का जन्म 27 अक्टूबर 1904 को कोलकाता के एक साधारण परिवार में हुआ था। बाल्यकाल में ही उनके सिर से माता का साया उठ गया था, जिसके बाद उनके पिता ने उनका पालन-पोषण किया। जब महात्मा गांधी ने वर्ष 1920-21 में 'असहयोग आंदोलन' का आह्वान किया, तो देशप्रेम की भावना से ओत-प्रोत जतिंद्र अपनी पढ़ाई छोड़कर इस आंदोलन में कूद पड़े। विदेशी वस्त्रों की दुकानों पर धरना देने और विरोध प्रदर्शन करने के कारण उन्हें कम उम्र में ही जेल की हवा खानी पड़ी। जब यह आंदोलन स्थगित हुआ, तो उन्होंने अपनी शिक्षा फिर से शुरू की और कोलकाता के प्रसिद्ध बंगवासी कॉलेज में दाखिला लिया। इसी दौरान वे बंगाल के क्रांतिकारी संगठन 'अनुशीलन समिति' और महान क्रांतिकारी शचीन्द्रनाथ सान्याल के संपर्क में आए। उन्होंने न केवल क्रांतिकारी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया, बल्कि असाधारण प्रतिभा का परिचय देते हुए बम बनाने की कला भी सीख ली। वर्ष 1928 में जतिन दास की मुलाकात अमर शहीद सरदार भगत सिंह और अन्य प्रमुख क्रांतिकारियों से हुई। देश को विदेशी शासन से मुक्त कराने के लिए गठित 'हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' (HSRA) के लिए उन्होंने अत्यंत महत्वपूर्ण और केंद्रीय भूमिका निभाई। 8 अप्रैल 1929 को भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने केंद्रीय विधानसभा (सेंट्रल असेंबली) में जो ऐतिहासिक बम फेंके थे, वे जतिंद्र नाथ दास की प्रयोगशाला में ही तैयार किए गए थे। इस घटना के बाद ब्रिटिश हुकूमत ने दमन चक्र तेज कर दिया और 14 जून 1929 को जतिन दास को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें बहुचर्चित 'लाहौर षड्यंत्र केस' के तहत गिरफ्तार कर लाहौर सेंट्रल जेल भेज दिया गया। लाहौर जेल में भारतीय राजनीतिक बंदियों के साथ अंग्रेजों का व्यवहार बेहद क्रूर, अपमानजनक और नस्लीय भेदभाव से भरा हुआ था। गोरे कैदियों को सभी प्रकार की सुख-सुविधाएं दी जाती थीं, जबकि भारतीय कैदियों को सड़े-gale भोजन, अस्वच्छ कोठरियों और अमानवीय परिस्थितियों में रखा जाता था। इस अन्याय और नस्लीय भेदभाव के खिलाफ जेल में बंद सभी क्रांतिकारियों ने 13 जुलाई 1929 को ऐतिहासिक भूख हड़ताल शुरू कर दी। जतिन दास ने यह दृढ़ संकल्प लिया कि उनका अनशन तब तक जारी रहेगा, जब तक राजनीतिक बंदियों के लिए मानवीय और समान अधिकारों की मांगें पूरी नहीं हो जातीं। जेल प्रशासन ने इस अनशन को तोड़ने के लिए कई क्रूर और अमानवीय हथकंडे अपनाए। जबरन उनकी नाक में नली डालकर दूध और पानी पिलाने का प्रयास किया गया।

जीवन ऊर्जा

थियोडोर रूजवेल्ट : 27 अक्टूबर 1858

जन्म

थियोडोर रूजवेल्ट का जन्म 27 अक्टूबर 1858 को न्यूयॉर्क, अमेरिका में हुआ था। वे अमेरिका के 26वें राष्ट्रपति रहे और पर्यावरण संरक्षण, प्रगतिशील सुधारों व 'स्क्वायर डील' के लिए जाने गए। रूस-जापान युद्ध में मध्यस्थता के लिए उन्हें 1906 का नोबेल शांति पुरस्कार मिला। उनका निधन 6 जनवरी 1919 को हुआ था।

बिना अनुशासन के स्वतंत्रता संभव नहीं है

विश्वास रखो कि तुम कर सकते हो और तुमने आधी जंग जीत ली है। जो तुम्हारे पास है उसी से शुरुआत करो, जो कर सकते हो वही करो। अपने लक्ष्य हमेशा ऊंचे रखो और जब तक वहां न पहुंच जाओ तब तक रुको मत। जो व्यक्ति कभी गलती नहीं करता वह कभी कुछ नया नहीं सीखता या कोशिश नहीं करता। चरित्र की ताकत ही किसी राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति होती है। साहस का मतलब डर का न होना नहीं, बल्कि यह समझना है कि डर से बढ़कर भी कुछ और महत्वपूर्ण है। आलोचना करने वाले का कोई महत्व नहीं होता, असली सम्मान तो उस मैदान में पसीना बहाने वाले योद्धा का होता है। बिना अनुशासन के स्वतंत्रता संभव नहीं है। दयालुता और शक्ति का मेल अजेय बनाता है। हर अच्छी चीज कीमत मांगती है, और उसकी कीमत मेहनत है। कड़ी मेहनत से बेहतर कोई पुरस्कार नहीं है। भविष्य उन्हीं का होता है जो अपने सपनों की सुंदरता पर विश्वास करते हैं। यदि आप कोशिश ही नहीं करेंगे तो कभी सफल नहीं होंगे। निराशा से बड़ा कोई शत्रु नहीं है। काम करना ही सबसे बड़ा विश्राम है। गलतियाँ इस बात का प्रमाण हैं कि आप प्रयास कर रहे हैं। आप जो हैं वहीं से शुरुआत करें, जो आपके पास है उसका उपयोग करें और जो कर सकते हैं करें। जब आप अंत तक पहुँच जाएं, तो एक और कदम बढ़ाएँ। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। देशभक्ति का अर्थ देश के प्रति हमेशा निष्ठावान रहना



और सरकार की आलोचना तब करना जब वह गलत हो। अवसर अक्सर कड़ी मेहनत के भेष में छिपे होते हैं। शिकायत करने से कभी समाधान नहीं मिलता, कार्य करने से मिलता है। एक महान नेता वह है जो सिर्फ आदेश नहीं देता बल्कि प्रेरणा बनता है। अपने विचारों को ऊँचा रखें क्योंकि आपके सपने ही आपके कल का निर्माण करते हैं। कभी भी अपनी दृष्टि को नीचे मत झुकाओ। कठिनाइयां हमारे भीतर छिपे सामर्थ्य को बाहर लाने आती हैं। हर असफलता सीखने का एक नया अवसर होती है। हमें अपने पैरों पर खड़े होना चाहिए दूसरों के कंधों पर नहीं।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्यप्रदेश

प्राण, पवन और परात्मन की ऊर्जा




सनातन धर्म में प्रकृति के प्रत्येक तत्व को दिव्य और देवता का स्वरूप माना गया है। पंचमहाभूतों में से एक 'वायु' या पवन केवल जीवन का आधार ही नहीं, बल्कि ब्रह्मांडीय चेतना और सकारात्मकता का प्रत्यक्ष वाहक भी है। वैदिक संस्कृति में वायु को 'वायुदेव' या 'पवन देवता' के रूप में पूजा जाता है। वायुदेव को भगवान हनुमान, भीम और हनुमान जी के पिता के रूप में भी स्मरण किया जाता है, जो असीम बल, पराक्रम और वायुवेग के प्रतीक हैं।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

वायु के बिना सृष्टि के किसी भी जीव की कल्पना नहीं की जा सकती, क्योंकि यह श्वास के माध्यम से हमारे शरीर में निरंतर प्रवाहित होने वाली वह प्राणशक्ति है जो हमें जीवित रखती है। धार्मिक और दार्शनिक दृष्टिकोण से वायुदेव का संबंध केवल भौतिक हवा से नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक शुद्धि से भी है। वेदों में वायु को 'प्राण' कहा गया है, जिसका अर्थ है जीवन का सार। जब हम गहरी सांस लेते हैं, तो वायुदेव हमारे भीतर केवल ऑक्सीजन ही नहीं, बल्कि दैवीय सकारात्मकता, उत्साह और ऊर्जा का संचार करते हैं। जिस प्रकार बहती हुई हवा हर प्रकार की गंदगी और stagnation (स्थिरता) को दूर कर देती है, ठीक उसी प्रकार वायुदेव की कृपा से हमारे मन के कोने में छिपे नकारात्मक विचार, भय, चिंता और विषाद दूर होते चले जाते हैं। जीवन में जब भी निराशा के बादल छाते हैं, तो एक ठंडी और ताजी हवा का झोंका हमें पुनर्जीवित कर देता है, जो इस बात का प्रतीक है कि वायुदेव हर स्थिति में नई शुरुआत की संभावना लेकर आते हैं। सनातन परंपरा में योग और प्राणायाम का अत्यधिक महत्व है, और प्राणायाम का सीधा संबंध वायुदेव की आराधना से ही जुड़ा हुआ है। 'प्राणायाम' शब्द का अर्थ है- प्राण (वायु) पर आयाम या नियंत्रण पाना। जब कोई साधक प्राणायाम के माध्यम से श्वास-प्रश्वास को नियमित करता है, तो वह वायुदेव के साथ अपने सूक्ष्म संबंध को मजबूत करता है। इससे मन शांत होता है, क्रोध और तनाव समाप्त होते हैं, तथा अंतःकरण में एक दिव्य सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होने लगता है। भगवद्गीता में भी भगवान श्रीकृष्ण ने विभूतियों का वर्णन करते हुए स्वयं को पवनों में 'वायु' बताया है, जिससे यह सिद्ध होता है कि वायुदेव की शक्ति सीधे तौर पर परमेश्वर की शक्ति का ही विस्तार है। वायुदेव का एक अन्य महत्वपूर्ण गुण उनकी गतिशीलता और निरंतरता है। हवा कभी रुकती नहीं है; वह बहती रहती है और हर उस स्थान पर पहुंचती है जहाँ उसकी आवश्यकता होती है। यह हमें सिखाता है कि सकारात्मकता भी एक सतत प्रवाह है। जीवन में चाहे कितनी भी कठिन परिस्थितियाँ क्यों न आएं, हमें वायुदेव की तरह निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए और अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाना चाहिए। जो व्यक्ति वायु की तरह लचीला और गतिशील होता है, वह हर आंधी-तूफान का सामना हंसते हुए कर लेता है। अंततः, वायुदेव हमें यह अमूल्य संदेश देते हैं कि जिस प्रकार हवा बिना किसी भेदभाव के सभी को समान रूप से प्राणवायु प्रदान करती है, उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन में सबके प्रति दया, परोपकार और सकारात्मकता का भाव रखना चाहिए। वायुदेव की आराधना और उनका स्मरण हमारे तन को स्वस्थ, मन को प्रफुल्लित और आत्मा को ऊर्जावान बनाता है। आइए, हम सब प्रतिदिन वायुदेव को नमन करें और अपने जीवन को सकारात्मकता, पवित्रता और प्राणवान ऊर्जा से परिपूर्ण करें।



अपने विचार

पाकिस्तान कभी जम्मू-कश्मीर के लोगों का शुभचिंतक नहीं हो सकता। वह फारूक साहब का सम्मान करते हैं, लेकिन कश्मीर पर उनका बयान पूरी तरह गलत है। वहां के लोग अपने अधिकारों के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। 1947 से अब तक नेहरू से लेकर नरेंद्र मोदी तक, केंद्र सरकारों ने जम्मू-कश्मीर के विकास में योगदान दिया है।



– गुलाम नबी आजाद
अध्यक्ष,DPA पार्टी

इस देश में भारतीयों को काफी सम्मान मिलता है और उनका स्वागत किया जाता है। यहां के लोग जानते हैं कि भारतीय तोड़फोड़ नहीं करते और न ही सड़कों पर उतरकर समाज में अशांति फैलाते हैं, जैसा कि यूरोप के कुछ अन्य हिस्सों में देखने को मिल रहा है। भारतीय समुदाय शांतिप्रिय है।




– पीयूष गोयल केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार

कम्युनिस्ट नास्तिक थे और उन्होंने 15 साल तक राज्य में शासन किया। इसके बाद टीएमसी ने बंगाल की संस्कृति पर हमला किया। वे एनसीसी तक में छात्रों को नहीं जाने देते थे और अपनी अलग जय हिंद वाहिनी बना दी थी। अगर छात्र एनसीसी में होते तो उन्हें अग्निवीर औरसेना में जाने में आसानी होती।



–शुभेंदु अधिकारी
सीएम, पश्चिम बंगाल

भाजपा अभी भी वोटर लिस्ट में हेराफेरी, धांधली और वोट डकैती से बाज नहीं आ रही है। 'सुनीता पत्नी राजेश' नाम की प्रदेश भर में 2000 से अधिक एंट्री मिली हैं। विपक्षी दलों की एकजुट आवाज़ के बाद ही चुनाव आयोग को मजबूरी में कार्रवाई करनी पड़ी है।



– अखिलेश यादव
अध्यक्ष, सपा

अपने विचार

डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि." के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िम्मेदार).

प्रदीप पूर्णेकर हत्याकांड

पूर्व महापौर मीनाक्षी शिंदे और पति की गिरफ्तारी की मांग

- बेटे राम पूर्णेकर ने दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम
- कार्रवाई नहीं होने पर एकनाथ शिंदे के आवास के बाहर प्रदर्शन की चेतावनी

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रदीप पूर्णेकर की हत्या के मामले में उनके बेटे राम पूर्णेकर ने सोमवार को ठाणे की पूर्व महापौर मीनाक्षी शिंदे और उनके पति राजेंद्र शिंदे की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने पुलिस को 24 घंटे का समय देते हुए चेतावनी दी कि तय समय में कार्रवाई नहीं होने पर वे उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आवास के बाहर प्रदर्शन करेंगे।



29 सितंबर को कार्यालय में हुई थी हत्या

शिवसेना (यूबीटी) के मनपाड़ा वार्ड प्रमुख प्रदीप पूर्णेकर की 29 सितंबर को उनके कार्यालय में हत्या कर दी गई थी। इस मामले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। राम पूर्णेकर ने पूर्व महापौर मीनाक्षी शिंदे और उनके पति पर हत्या की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में वीडियो और तस्वीरें दिखाईं

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राम पूर्णेकर ने कुछ वीडियो और तस्वीरें दिखाते हुए आरोप लगाए कि एक वीडियो में हेलमेट पहने व्यक्ति के कपड़े और जूते उन कपड़ों से मिलते-जुलते हैं, जो कथित तौर पर घटना से कुछ घंटे पहले राजेंद्र शिंदे ने पहने थे। उन्होंने यह भी दावा किया कि राजेंद्र शिंदे को हत्या के मामले में गिरफ्तार चार आरोपियों के साथ चाय पीते हुए देखा गया था। परिवार ने कुछ तस्वीरें भी साझा कीं, जिनमें एक आरोपी उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के साथ दिखाई देने का दावा किया गया। एक अन्य तस्वीर में सरनाईक को मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) के प्रमुख के साथ दिखाया गया।

24 घंटे में कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदर्शन

राम पूर्णेकर ने कहा कि यदि 24 घंटे के भीतर मीनाक्षी शिंदे और उनके पति को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो परिवार के सदस्य, समुदाय के लोग और राजनीतिक समर्थक एकनाथ शिंदे के ठाणे स्थित आवास के बाहर प्रदर्शन करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में परिवार ने एक वीडियो का भी हवाला दिया, जिसमें प्रदीप पूर्णेकर अपनी मौत से पहले कथित तौर पर कहते दिखाई देते हैं कि उन्हें कुछ होने पर पुलिस और मीनाक्षी शिंदे जिम्मेदार होंगे। परिवार ने आरोप लगाया कि मामले में अधिकारी राजनीतिक दबाव में काम कर रहे हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना अभी बाकी है।

मीनाक्षी शिंदे ने आरोपों से किया इनकार

मीनाक्षी शिंदे ने अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए खारिज किया है। पुलिस उनके पति राजेंद्र शिंदे से पूछताछ कर चुकी है। राम पूर्णेकर का कहना है कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उनके परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

घाटकोपर में कांग्रेस के शरद महोत्सव में गरबा-डांडिया की धूम

कराओ के गायन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

मोहम्मद मुकीम शेख | मुंबई

घाटकोपर पूर्व में उत्तर-पूर्व मुंबई जिला कांग्रेस कमेटी और मुंबई कांग्रेस गुजराती सेल की ओर से आयोजित 'कांग्रेस शरद महोत्सव 2026' में गरबा-डांडिया और कराओके गायन के साथ शरद पूर्णिमा का उत्सव मनाया गया। रविवार, 25 अक्टूबर को हिंगवाला लेन स्थित शेठ धंजी देवजी स्कूल (राष्ट्रीय शाला) में आयोजित इस कार्यक्रम में मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद वर्षा गायकवाड़, मराठी फिल्म अभिनेत्री वैशाली जाधव सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

कोजागिरी पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित महोत्सव में शाम 5 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुए। शाम 5 से 6 बजे तक कराओके गायन और शाम 6 से रात 9 बजे तक गरबा-डांडिया का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मसाला दूध वितरण और पुरस्कार समारोह भी निर्धारित था।

गायन, वेशभूषा और नृत्य के लिए पुरस्कार



आयोजकों ने कराओके गायन, वेशभूषा और नृत्य की विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार देने की व्यवस्था की थी। इनमें सर्वश्रेष्ठ पुरुष एवं महिला कराओके गायक, सर्वश्रेष्ठ पुरुष एवं महिला वेशभूषा तथा सर्वश्रेष्ठ पुरुष एवं महिला नर्तक की श्रेणियां शामिल थीं। विजेताओं के चयन की जिम्मेदारी महिला कांग्रेस की सविता रिलेश कांबले और गुजराती विभाग के सदस्यों को दी गई थी। आयोजकों के अनुसार, महोत्सव का उद्देश्य पारंपरिक गुजराती संस्कृति और लोककलाओं को मंच देना तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से लोगों को एक साथ जोड़ना था। गरबा-डांडिया, संगीत और अन्य कार्यक्रमों के जरिए शरद पूर्णिमा का उत्सव मनाया गया।

वर्षा गायकवाड़ और वैशाली जाधव की मौजूदगी

महोत्सव में पूर्व नगरसेविका नयना शेठ, पूर्व नगरसेवक सुनील गंगवानी तथा कांग्रेस पदाधिकारी उत्तम गीते, जावेद चौगुले, भूषण देसाई, गौरांग पटेल, समीर अख्तर, शेखर जगताप और सचिन यादव उपस्थित रहे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नासिर गौहर खान, खलील खोत और कालू रहमान सहित कांग्रेस के सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

न्यूज ब्रीफ

केडीएमसी में भ्रष्टाचार उन्मूलन की शपथ



अधिकारियों-कर्मचारियों ने लिया संकल्प

कल्याण। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका (केडीएमसी) में भ्रष्टाचार उन्मूलन की शपथ लेने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महानगरपालिका के अधिकारियों, कर्मचारियों और उपस्थित नागरिकों ने भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने तथा अपने कार्यों में ईमानदारी और पारदर्शिता बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में महापौर अधिवक्ता हर्षली विजय चौधरी और मनपा आयुक्त अभिनव गोयल उपस्थित रहे। महानगरपालिका की सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी माधवी पोफले ने उपस्थित लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपायुक्त वंदना गुलवे, चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सपना रामोले, डॉ. विनोद दौंड, डॉ. गणेश डोइफोडे, डॉ. संदीप मुकने और सुरक्षा अधिकारी भरत बुले सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में नागरिकों ने भी भाग लेकर भ्रष्टाचार के खिलाफ शपथ ली।

केडीएमसी चलाएगी रात्रि रक्त संग्रह अभियान

कल्याण। हाथीपांव जैसी गंभीर बीमारी के संक्रमण की पहचान और उसके प्रसार को रोकने के लिए कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका (केडीएमसी) ने विशेष पहल की है। महानगरपालिका का चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग राष्ट्रीय हाथीपांव नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 28 से 31 अक्टूबर 2026 तक रात्रि रक्त संग्रह अभियान चलाएगा। इस दौरान चिन्हित संदिग्ध और जोखिमग्रस्त क्षेत्रों में रात 10 बजे से मध्यरात्रि 12 बजे तक नागरिकों के रक्त के नमूने लिए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य हाथीपांव के संभावित संक्रमण की पहचान करना और बीमारी पर नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम उठाना है। इसके तहत संबंधित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीमें रात के समय रक्त के नमूने एकत्र करेंगी। अभियान की जानकारी स्थानीय पार्षदों और पुलिस उपायुक्त, परिमंडल-3 को पत्र के माध्यम से दी गई है।

ट्रेन में तेज आवाज में मोबाइल चलाया तो लगेगा 1,000 तक जुर्माना

मुंबई। ट्रेनों और रेलवे परिसरों में मोबाइल फोन पर तेज आवाज में बातचीत करने या स्पीकर पर गाने और वीडियो चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। पश्चिम रेलवे ने यात्रियों से मोबाइल फोन और ऑडियो डिवाइस का जिम्मेदारी से इस्तेमाल करने तथा सहयात्रियों की सुविधा का ध्यान रखने की अपील की है। पश्चिम रेलवे ने यात्रियों से ट्रेन में संगीत या वीडियो चलाते समय ईयरफोन अथवा हेडफोन का उपयोग करने का अनुरोध किया है। साथ ही, यात्रा के दौरान और रेलवे परिसरों में ऊंची आवाज में बातचीत करने से बचने की सलाह दी गई है, ताकि अन्य यात्रियों को असुविधा न हो।

अब रेलवे आरक्षण काउंटर से टिकट बुक कराने पर भी मिलेगा यात्रा बीमा



- 27 अक्टूबर से लागू होगी सुविधा
- डिजिटल भुगतान और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य, दुर्घटना में अधिकतम 10 लाख रुपये का बीमा कवर

रतलाम। भारतीय रेल ने वैकल्पिक यात्रा बीमा योजना (OTIS) का विस्तार करते हुए आरक्षण काउंटर से टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को भी इसका लाभ देने का निर्णय लिया है।

यह सुविधा 27 अक्टूबर 2026 से लागू होगी। अब तक यह योजना आईआरसीटीसी के माध्यम से ई-टिकट बुक कराने वाले यात्रियों के लिए उपलब्ध थी। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, यात्रा बीमा पूरी तरह वैकल्पिक होगा। इसका लाभ लेने के लिए यात्रियों को बीमा का विकल्प चुनने के साथ अपना मोबाइल नंबर देना होगा। टिकट किराये और बीमा प्रीमियम का भुगतान डिजिटल माध्यम से करना अनिवार्य होगा। प्रीमियम सभी करों सहित प्रति यात्री 45 पैसे निर्धारित है।

कन्फर्म और आरएसी टिकट वाले यात्री भी पात्र

यह योजना केवल भारतीय नागरिकों के लिए उपलब्ध है। बुकिंग के समय कन्फर्म, आरएसी या आंशिक रूप से कन्फर्म टिकट वाले पात्र यात्री बीमा का विकल्प चुन सकते हैं। एक पीएनआर पर बुक किए गए सभी पात्र यात्रियों पर बीमा लागू होगा। पांच वर्ष से कम आयु के बिना बर्थ या सीट वाले बच्चे इसके दायरे में नहीं आएंगे। वहीं, पांच से 11 वर्ष तक के बच्चे बर्थ के साथ या बिना बर्थ के बीमा के पात्र होंगे।

रेल मदद शिकायतों में रतलाम मंडल के इलेक्ट्रिकल विभाग ने दर्ज की कमी

- शिकायतों की संख्या 2,903 से घटकर 810 पर पहुंची

रतलाम। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के इलेक्ट्रिकल विभाग ने 'रेल मदद' प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की शिकायतों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की है। मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार के मार्गदर्शन और वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (पावर) धर्मेंद्र कुमार प्रजापति के नेतृत्व में विभाग लगातार ग्रीन जोन में बना हुआ है।



तीन वर्षों में शिकायतों की संख्या में गिरावट

मंडल के विभागीय आंकड़ों के अनुसार, मई 2024 में 'रेल मदद' पर शिकायतों की संख्या 2,903 के उच्चतम स्तर पर थी। वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह घटकर 834 रह गई, जबकि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक शिकायतों की संख्या 810 दर्ज की गई है। विभाग के मुताबिक, चालू वित्तीय वर्ष के दौरान हर महीने पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में शिकायतों में दो अंकों की प्रतिशत कमी आई।

विद्युत सुविधाओं की 24 घंटे निगरानी

यात्रियों को ट्रेनों में बेहतर विद्युत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए इलेक्ट्रिकल कंट्रोल कार्यालय और कोचिंग डिपो में 24 घंटे निगरानी की व्यवस्था की गई है। वातानुकूलन, पंखे, लाइट और अन्य विद्युत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई कर समयबद्ध निस्तारण किया जा रहा है। विभाग नियमित निवारक रखरखाव और रियल-टाइम मॉनिटरिंग के जरिए संभावित तकनीकी समस्याओं की पहचान कर उन्हें दूर करने पर जोर दे रहा है। अधिकारियों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों तथा यात्रियों की शिकायतों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण से शिकायत निवारण व्यवस्था में सुधार हुआ है।

अहमदाबाद मंडल में पेयजल गुणवत्ता जांच में 100% अनुपालन

- 17 से 24 अक्टूबर के बीच 529 परीक्षण किए गए, सभी के परिणाम संतोषजनक

एजेंसी | अहमदाबाद

पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल ने पेयजल गुणवत्ता की नियमित जांच में 100 प्रतिशत अनुपालन दर्ज किया है। मंडल में 17 से 24 अक्टूबर 2026 के बीच कुल 529 परीक्षण किए गए और सभी के परिणाम संतोषजनक पाए गए। पेयजल गुणवत्ता निगरानी अभियान के तहत किए गए 529 परीक्षणों में 466 अवशिष्ट क्लोरीन और 63 बैक्टीरियोलॉजिकल परीक्षण शामिल थे। दोनों श्रेणियों में सभी नमूनों के परिणाम निर्धारित मानकों के अनुरूप रहे।

यात्रियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर जोर



पश्चिम रेलवे यात्रियों और रेल कर्मचारियों को सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने को प्राथमिकता देता है। इसी उद्देश्य से अहमदाबाद मंडल का चिकित्सा विभाग और संबंधित रेल कर्मचारी नियमित रूप से पेयजल की गुणवत्ता की निगरानी कर रहे हैं। रेलवे स्टेशनों पर लगे पेयजल कूलरों और नलों से मिलने वाले पानी में अवशिष्ट क्लोरीन तथा कुल घुलनशील ठोस पदार्थ की भी नियमित जांच की जा रही है। इससे पानी की गुणवत्ता बनाए रखने और यात्रियों व कर्मचारियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलती है। अहमदाबाद मंडल ने रेलवे स्टेशनों और अन्य रेल प्रतिष्ठानों पर सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नियमित जांच और प्रभावी निगरानी जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

भुसावल मंडल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

- डीआरएम पुनीत अग्रवाल ने अधिकारियों और कर्मचारियों को दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ



1 नवंबर तक चलेगा अभियान

भुसावल। मध्य रेलवे के भुसावल मंडल में सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 की शुरुआत हुई। मंडल कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक पुनीत अग्रवाल ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डीआरएम पुनीत अग्रवाल ने कर्मचारियों से अपने कार्यों में पारदर्शिता, निष्ठा और ईमानदारी बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संस्थान की प्रगति के लिए प्रत्येक कर्मचारी का ईमानदार और निष्पक्ष योगदान जरूरी है।



राशिफल

12 राशिफल में देखें अपना दिन

प्रियंका जैन
9769994439

मेष वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। लाभ होगा। दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें।

वृष मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं।

मिथुन आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग बना रहेगा। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा।

कर्क किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

सिंह पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कन्या आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

तुला सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा। सफलता के साधन जुटेंगे। जोखिम न उठाएं।

वृश्चिक ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे।

धनु किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

मकर आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। जल्दबाजी न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है।

कुंभ व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें।

मीन काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा। यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

अहमदाबाद मंडल में सतर्कता जागरूकता अभियान

- अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ

अहमदाबाद। पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल में सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। मंडल रेल प्रबंधक वेद प्रकाश ने मंडल कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सभी को ईमानदारी, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का संकल्प दिलाया।

रेलवे मंडल में 17 अगस्त से 16 नवंबर 2026 तक तीन महीने का सतर्कता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं, सतर्कता जागरूकता सप्ताह 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि – Probity for Prosperity' थीम के तहत मनाया जा रहा है।



भ्रष्टाचार के खिलाफ सजग रहने की अपील

कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार के प्रति सजग रहने, अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से करने तथा कार्यस्थल पर पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने की शपथ ली। अभियान का उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों में नैतिक मूल्यों और सत्यनिष्ठा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अभियान के दौरान कर्मचारियों को दैनिक कार्यों में नैतिक आचरण के महत्व से अवगत कराने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही, क्षमता निर्माण के लिए उन्हें ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से प्रशिक्षण लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने का संकल्प

मंडल रेल प्रबंधक वेद प्रकाश ने अधिकारियों और कर्मचारियों से ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही को कार्यप्रणाली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने, आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने तथा अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने पर जोर दिया।

सुल्तानपुर पेशी पर जाते समय पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा

एजेंसी । लखनऊ

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के काफिले की गाड़ियां आपस में टकरा गई हैं। राहलु गांधी सोमवार को कोर्ट में पेशी के लिए जनपद सुलतानपुर जा रहे थे। सूचना के मुताबिक राहुल गांधी सुरक्षित हैं। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है लेकिन पार्टी के कई कार्यकर्ता इस हादसे में घायल हुए हैं। इलाज के लिए उन्हें अस्पताल पहुंचाया जा रहा है।

राहुल के काफिले की गाड़ियां टकराईं



सड़क हादसे की जांच करेगी एसआईटी

उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी का एक न्यायिक मामला सुलतानपुर एमएमएलए कोर्ट में चल रहा है। उस प्रकरण में आज फैसला आने वाला है। राहुल गांधी के काफिले की गाड़ियों के टकराने के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है।

काफिले की सुरक्षा में चूक की जांच करेगी SIT

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 26 अक्टूबर को सुलतानपुर दौरे के दौरान उनके काफिले के पीछे चल रहे वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना को गंभीरता से लेते हुए डीजीपी राजीव कृष्ण के निर्देश पर यह कदम उठाया गया है। घटना की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए डीजीपी ने दुर्घटना के वास्तविक कारणों, परिस्थितियों और संभावित लापरवाही की विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं।

आईजी किरण एस को दी गई जिम्मेदारी

जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि काफिले की सुरक्षा, एस्कॉर्ट और यातायात व्यवस्था में कहीं कोई चूक तो नहीं हुई। गठित विशेष जांच (एसआईटी) दल की अध्यक्षता लखनऊ परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक किरण एस करेंगे। सुलतानपुर के अपर पुलिस अधीक्षक बृज नारायण सिंह और यातायात पुलिस उपाधीक्षक राम कृष्ण चतुर्वेदी को दल का सदस्य बनाया गया है। तीनों अधिकारियों को घटना के सभी पहलुओं की जांच कर तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

एमपी-एमएलए कोर्ट से राहुल गांधी बरी

अमित शाह पर टिप्पणी के प्रकरण में नहीं मिला पर्याप्त साक्ष्य

एजेंसी । सुलतानपुर

उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर की एमपी-एमएलए अदालत ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बरी कर दिया। स्पेशल मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने सोमवार को साक्ष्यों के अभाव में उन्हें दोषमुक्त करार दिया। फैसले के समय राहुल गांधी स्वयं 14 मिनट तक अदालत में मौजूद रहे। मामले में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने 13 अक्टूबर को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

राहुल गांधी को बड़ी कानूनी राहत



इस मामले में सुलतानपुर के हनुमानगंज निवासी भाजपा नेता एवं जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन विजय मिश्र ने चार अगस्त 2018 को मानहानि का परिवाद दायर किया था। अदालत ने 27 नवंबर 2023 को राहुल गांधी को विचारण के लिए तलब किया था।

मई 2018 में की थी आपत्तिजनक टिप्पणी

राहुल गांधी के अधिवक्ता ने दलील दी थी कि बयान सद्भावना में दिया गया था और किसी को अपमानित करने का उनका इरादा नहीं था। वहीं, परिवादी पक्ष ने बयान स्वीकार किए जाने के आधार पर उन्हें दोषी ठहराने की मांग की थी। राहुल गांधी पर आठ मई 2018 को बेंगलुरु में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप था।

धांधली कर चुनाव जीतना चाहती है भाजपा: अखिलेश

एजेंसी । बलिया

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर मतदाता सूची में गड़बड़ी कर वोटों की चोरी की साजिश रचने का आरोप लगाया। सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में एक ही व्यक्ति के नाम पर सैकड़ों स्थानों पर मतदाता प्रविष्टियां दर्ज हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग से मतदाता सूची की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। अखिलेश यादव ने उदाहरण देते हुए बताया कि सुनीता पत्नी राजेश के नाम पर 420 स्थानों पर प्रविष्टियां मिली हैं। इसी तरह राजकुमारी पत्नी राजकुमार के नाम की 315 जगह प्रविष्टियां दर्ज होने का मामला सामने आया है। अन्य गणना के आधार पर इनकी संख्या क्रमशः 2,341 और 1,627 तक पहुंचने का दावा किया गया। सपा प्रमुख ने लखनऊ के सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र में दशरथ नाम के व्यक्ति के नाम पर 100 से अधिक फॉर्म भरे जाने और विकास नाम के युवक की कई मतदान केंद्रों की सूची में मौजूदगी का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग को शिकायतें मिलने के बाद कार्रवाई शुरू हुई है।

मतदान में हो बायोमेट्रिक सत्यापन

अखिलेश ने मतदाता सूची को आधार से अनिवार्य रूप से जोड़ने और मतदान केंद्रों पर बायोमेट्रिक सत्यापन की व्यवस्था लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि उंगलियों के निशान और आंखों की पुतली के जरिए मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित की जा सकती है। ऐसा नहीं होने पर उन्होंने निर्वाचन आयोग और भाजपा की मंशा पर सवाल उठाए।

पूर्व मंत्री समेत कइयों ने ज्वाइन की सपा

इस दौरान अखिलेश यादव ने पूर्व मंत्री दारा सिंह प्रजापति, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी राम बहादुर और बदायूं की बिसौली सीट से पूर्व विधायक कुशाग्र सागर का सपा में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इनके आने से पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) वर्गों की एकजुटता मजबूत होगी। सपा प्रमुख ने वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश बहाल करने और सफाई कर्मचारियों के लिए विशेष योजनाएं शुरू करने का भी वादा किया।



आउटसोर्सिंग समाप्त करने की वकालत

अखिलेश ने आउटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त करने की घोषणा करते हुए आरोप लगाया कि इसके जरिए आरक्षण के प्रावधानों को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों का शोषण रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

कांग्रेस दफ्तर में हंगामे पर अजय राय ने मांगी माफी

एजेंसी । लखनऊ

उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश मुख्यालय में हुए हंगामे को लेकर हाथ जोड़कर माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि उनके समर्थकों ने किसी के साथ अभद्रता या गाली-गलौज की है तो वह इसके लिए क्षमा मांगते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस छोड़कर किसी दूसरे दल में जाने का उनका कोई इरादा नहीं है। एक न्यूज चैनल से बातचीत में अजय राय ने कहा कि उन्होंने न तो किसी का अपमान किया और न ही किसी के खिलाफ पीठ पीछे टिप्पणी की। प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाए जाने का उन्हें कोई मलाल नहीं है, क्योंकि राजनीति में कोई पद स्थायी नहीं होता। उन्होंने वाराणसी से सांसद बनना अपना सपना बताया। कांग्रेस नेता ने राहुल गांधी की प्रशंसा करते हुए उन्हें संघर्ष करने वाला नेता बताया। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता हैं और पार्टी के दिशा-निर्देशों के अनुसार काम करते रहेंगे। लोगों के सुख-दुख में शामिल होना उनके



लिए संतोष की बात है। गौरतलब है कि 11 अक्टूबर को लखनऊ स्थित कांग्रेस मुख्यालय में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' के पदभार ग्रहण समारोह के दौरान विवाद हो गया था। महिला नेता ममता चौधरी की टिप्पणी से नाराज अजय राय के समर्थकों ने हंगामा किया था।

घुसपैठियों से बड़े मियां-छोटे मियां को खास लगाव : योगी

एजेंसी । कानपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कानपुर के बिठूर में आयोजित जनसभा में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। एसआईआर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बड़े मियां और छोटे मियां को घुसपैठियों से बड़ा प्यार है। विपक्ष पर भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने जनता से ऐसे दलों की असलियत पहचानने की अपील की।

411 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस को मानसिक रूप से विक्षिप्त और दिवालिया बताते हुए सपा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के शासनकाल में प्रदेश में अराजकता और दंगों का माहौल रहा। राम विरोधी विचारधारा के लोग भगवान राम का नाम लेकर जनता को गुमराह नहीं कर सकते। बिठूर पहुंचे मुख्यमंत्री ने सबसे पहले वाल्मीकि आश्रम में पूजन-अर्चन किया। इसके बाद नानाराव पेशवा स्मारक परिसर में आयोजित जनसभा को संबोधित किया।



बिना भेदभाव हर किसी को मिला लाभ

योगी ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है और सरकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव पात्र लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत और उज्ज्वला योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने दीपावली पर पात्र महिलाओं को मुफ्त गैस सिलेंडर देने समेत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

जनगणना-2027: चार केंद्रों पर प्रशिक्षण शुरू

एजेंसी । भदोही

जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के तहत जनसंख्या गणना के लिए जिले में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार को शुरू हुआ। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी शैलेष कुमार ने ज्ञानपुर के सेंट थॉमस स्कूल में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को सभी प्रक्रियाएं गंभीरता और बारीकी से समझने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि जनगणना के आंकड़े विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी नीतियों के निर्धारण का आधार बनते हैं। इसलिए गणना में शुद्धता, सटीकता और विश्वसनीयता बनाए



रखना प्रत्येक प्रगणक एवं पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी है। ज्ञानपुर केंद्र पर करीब 250 कर्मियों को 10 फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण दे रहे हैं। जंगीगंज के जयराजी देवी पब्लिक स्कूल में मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला ने प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। भदोही के एमए समद इंटर कॉलेज में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं जिला जनगणना अधिकारी शुभांगी शुक्ला ने प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कराया।

राहुल को बदनाम करने की साजिश बेनकाब : आराधना मिश्रा

एजेंसी । लखनऊ

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' ने मानहानि मामले में राहुल गांधी को बरी किए जाने के अदालती फैसले को बड़ी जीत बताया। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से राहुल गांधी को बदनाम करने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की साजिश बेनकाब हो गई है। विपक्ष के नेता के खिलाफ झूठे आरोपों के जरिए उनकी छवि खराब करने की कोशिश की गई थी। आराधना मिश्रा ने सोमवार को कहा कि सुलतानपुर की एमपी-एमएलए अदालत का फैसला न्यायपालिका में आम जनता के विश्वास को मजबूत करने वाला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को मानहानि के मुकदमे से बरी कर अदालत ने मामले को खारिज कर दिया है।

बाहुबली अनंत सिंह को फिर लगा झटका

एजेंसी । पटना

बिहार की सम्राट सरकार ने मोकामा विधायक अनंत सिंह की पत्नी एवं पूर्व विधायक नीलम देवी को राज्य स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य पद से हटा दिया है। इसके साथ ही उनका राज्यमंत्री का दर्जा भी समाप्त हो गया है। इसे अनंत सिंह परिवार के खिलाफ सत्ता पक्ष की एक और बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। नीलम देवी को 19 मई 2026 को समिति का सदस्य नियुक्त किया गया था। इस पद के आधार पर उन्हें उप मंत्री का दर्जा और सरकारी आवास आवंटित किया गया था। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग ने 26 अक्टूबर को अधिसूचना जारी कर



उनकी सदस्यता तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी। सदस्यता समाप्त होने के बाद भवन निर्माण विभाग ने नीलम देवी को सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस जारी किया है। विभाग ने इसके लिए 25 नवंबर तक की समयसीमा निर्धारित की है। मई में आवंटित सरकारी आवास भी अब उनसे वापस लिया जाएगा। इससे पहले जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने अनंत सिंह और उनकी पत्नी नीलम देवी को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया था।


व्यापार जगत

शेयर बाजार में चार दिन की गिरावट पर लगा ब्रेक

एजेंसी । मुंबई

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को जोरदार वापसी हुई और लगातार चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट थम गई। धातु, दूरसंचार और स्वास्थ्य सेवा कंपनियों के शेयरों में खरीदारी से बीएसई सेंसेक्स 482.92 अंक चढ़कर 73,606.75 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी 153.20 अंक की बढ़त के साथ 22,753.20 के स्तर पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में नुकसान के बावजूद निवेशकों ने आकर्षक कीमतों पर चुनिंदा शेयरों में खरीदारी की। सेंसेक्स की कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स, इटर्नल, कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट और टाटा स्टील प्रमुख रूप से लाभ में रहे। भारती एयरटेल, इंटरग्लोब एविएशन और आईटीसी के शेयरों में भी तेजी दर्ज की गई।

सेंसेक्स 483 अंक उछला, निफ्टी 22,753 पर



मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में सुधार

इसके विपरीत बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, मारुति, एचसीएल टेक और पावर ग्रिड के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर के मुताबिक, मूल्य आधारित खरीदारी और धातु, ऊर्जा तथा स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की मजबूती से बाजार को सहारा मिला। पिछले सप्ताह की गिरावट के बाद मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी सुधार आया।

114 डॉलर प्रति बैरल पर क्रूड आयल

विनोद नायर ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों का रुख सतर्क बना हुआ है। इस बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 1.60 प्रतिशत गिरकर 114.8 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एशियाई बाजारों में जापान का निक्की और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहे, जबकि चीन और हांगकांग के बाजार बढ़त पर बंद हुए। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से निवेशकों को कुछ राहत मिली।

विदेशी निवेशकों ने की 887 करोड़ की खरीदारी

विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में 887.65 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे। लगातार चार कारोबारी सत्रों की गिरावट के बाद सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए। इसके बावजूद अक्टूबर में विदेशी निवेशकों की कुल बिकवाली बाजार के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। यूरोपीय बाजारों में सोमवार को दोपहर के कारोबार के दौरान तेजी रही, जबकि अमेरिकी बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। वैश्विक संकेतों और कच्चे तेल की कीमतों पर निवेशकों की नजर बनी हुई है।

इंटरनेट आधारित टीवी सेवाओं के लिए ट्राई का आसान लाइसेंसिंग ढांचा प्रस्तावित

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने इंटरनेट के जरिए टीवी चैनलों का प्रसारण करने वाली सेवाओं के लिए सरल प्राधिकरण व्यवस्था लागू करने की सिफारिश की है। इसमें मुफ्त विज्ञापन आधारित स्ट्रीमिंग टेलीविजन (फास्ट) सेवाएं भी शामिल होंगी। प्रस्ताव के तहत कंपनियों को 20 साल का शुरुआती प्राधिकरण देने और इसके लिए एक लाख रुपये प्रवेश शुल्क निर्धारित करने की बात कही गई है। ट्राई ने आवेदन शुल्क 10 हजार रुपये रखने का प्रस्ताव दिया है, जबकि सालाना प्राधिकरण शुल्क, बैंक गारंटी और सुरक्षा जमा से छूट देने की सिफारिश की है। प्राधिकरण की अवधि समाप्त होने पर इसका नवीनीकरण 10-10 साल के लिए किया जा सकेगा। पूरे देश को इन सेवाओं के लिए एक ही सेवा क्षेत्र माना जाएगा। केंद्रीय संचार मंत्रालय के अनुसार, ट्राई ने इन सेवाओं को दूरसंचार अधिनियम, 2023 के तहत टीवी चैनल वितरण की अलग श्रेणी में रखने का सुझाव दिया है। इनके माध्यम से स्मार्ट टीवी, मोबाइल एप, वेबसाइट और इंटरनेट से जुड़े अन्य उपकरणों पर निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार चैनल देखे जा सकेंगे। इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण और रिपोर्टिंग पोर्टल बनाने का भी प्रस्ताव है। प्रस्ताव के मुताबिक सेवा प्रदाता केवल केंद्र सरकार से वैध अनुमति प्राप्त या पंजीकृत टीवी चैनलों का ही प्रसारण कर सकेंगे। टीवी



और अन्य उपकरण बनाने वाली कंपनियों तथा ऑपरेटिंग सिस्टम प्रदाताओं को अपने प्लेटफॉर्म पर केवल अधिकृत एप्लिकेशन उपलब्ध कराने होंगे। उन्हें हर साल मंत्रालय को अनुपालन रिपोर्ट भी सौंपनी होगी। ट्राई ने उपभोक्ताओं की शिकायतों के निस्तारण के लिए एप्लिकेशन प्रदाताओं को मुख्य संपर्क बिंदु बनाने की सिफारिश की है। इंटरनेट आधारित प्लेटफॉर्म पर देखे जाने वाले टीवी चैनलों की दर्शक संख्या को भी टीवी दर्शक मापन प्रणाली में शामिल किया जाएगा।

खाड़ी देशों में निर्यात को राहत

एजेंसी । नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और समुद्री परिवहन में आ रही बाधाओं के बीच केंद्र सरकार ने निर्यातकों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने निर्यात सुविधा एवं लॉजिस्टिक्स हस्तक्षेप (रिलीफ) योजना के घटक-दो की अवधि बढ़ाकर 31 मार्च 2027 कर दी है। इसका उद्देश्य खाड़ी क्षेत्र में निर्यात करने वाली भारतीय कंपनियों को बढ़ते जोखिम से सुरक्षा देना है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, यह सुविधा एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन (ईपीएम) के तहत संचालित की जा रही है।



सरकार ने निर्यातकों के लिए रिलीफ योजना की अवधि बढ़ाई

इस योजना का लाभ लेने के लिए निर्यातकों को ईसीजीसी के ग्राहक पोर्टल पर दावे और जरूरी दस्तावेज जमा करने होंगे। पंजीकरण, यूजर आईडी बनाने और दावा प्रक्रिया की जानकारी ईसीजीसी के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध वीडियो ट्यूटोरियल से ली जा सकती है। सरकार का मानना है कि इस विस्तार से समुद्री मार्गों में व्यवधान और बढ़ती बीमा लागत के बीच भारतीय निर्यातकों को कारोबार जारी रखने में मदद मिलेगी।

ई-100 ईंधन से चलेंगे फ्लेक्स-फ्यूल वाहन

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शुद्ध एथनॉल ईंधन ई-100 से चलने वाले फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के लिए रास्ता खोल दिया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सोमवार को केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में संशोधन अधिसूचित कर दिया। नए प्रावधानों के तहत ई-20 से अधिक और ई-100 तक एथनॉल मिश्रित ईंधन का इस्तेमाल उन्हीं वाहनों में किया जा सकेगा, जिन्हें इसके अनुकूल डिजाइन और प्रमाणित किया गया है।

'100% होल व्हीट ब्रेड' का दावा फर्जी

एजेंसी । नई दिल्ली

ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड को अपने '100% होल वीट ब्रेड' के विज्ञापन में भ्रामक दावा करना महंगा पड़ गया है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने कंपनी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। मुख्य आयुक्त निधि खरे की अध्यक्षता वाली प्राधिकरण की पीठ ने जांच में पाया कि ब्रेड के पैकेट पर गेहूं के आटे की मात्रा केवल 62 प्रतिशत दर्ज थी।

ब्रिटानिया के '100% होल व्हीट ब्रेड' दावे पर कार्रवाई

शेष 38 प्रतिशत में राइस ब्रान और अन्य सामग्री शामिल थी, जबकि विज्ञापन में उत्पाद को 100 प्रतिशत होल वीट बताया गया था। सीसीपीए ने कहा कि 100 प्रतिशत का दावा उपभोक्ताओं को यह विश्वास दिलाता है कि उत्पाद पूरी तरह गेहूं से बना है। ब्रिटानिया ने दलील दी कि इस शब्द का इस्तेमाल उत्पाद की पौष्टिकता बताने के लिए किया गया था।



100 प्रतिशत लिखने का कोई प्रावधान नहीं

सीसीपीए ने ब्रिटानिया को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया समेत सभी मंचों से संबंधित विज्ञापन तत्काल हटाने का निर्देश दिया है। कंपनी को 15 दिनों के भीतर अनुपालन रिपोर्ट जमा करने के साथ एक लाख रुपये का जुर्माना भी भरना होगा।



हैट्रिक के साथ सीरीज कब्जाने उतरेगा भारत

- न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला आज
- फिर बल्लेबाजों पर रहेगा दारोमदार, गेंदबाजी में भुवनेश्वर और अर्शदीप पर रहेगी निगाह
- ईशान की जगह सूर्यवंशी ही खेलेंगे टी-20 सीरीज

एजेंसी। वेलिंगटन

टीम इंडिया मंगलवार को तीसरे टी-20 में न्यूजीलैंड पर जीत की हैट्रिक के साथ सीरीज पर कब्जा करने उतरेगी। पांच मैचों की सीरीज में भारतीय टीम 2-0 से आगे है। ईशान किशन चोट से उबर नहीं पाए हैं। उनकी जगह वैभव सूर्यवंशी को ही मौका मिलने की उम्मीद है। भारतीय बल्लेबाजों ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज भुवनेश्वर और अर्शदीप पर दारोमदार होगा। भारतीय टीम 2020 से न्यूजीलैंड में कोई सीरीज नहीं हारी है। इस दौरान दो सीरीज खेली और दोनों में कब्जा किया है। वहीं न्यूजीलैंड की टीम पलटवार को तैयार होगी। सेंटनर की टीम आसानी से भारत को अजेय बढ़त बनाने नहीं देगी। फिलिप्स शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्हें रोकना होगा।

तेज हवाओं और स्विंग से निपटना चुनौती

क्राइस्टचर्च में दोनों मैचों में बड़े लक्ष्य हासिल करने के बाद टीम सही राह पर दिख रही है। हालांकि टीम के लिए यहां की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना चुनौतीपूर्ण होगा। टीम को तीन तरफ से खुले बेसिन रिजर्व ग्राउंड पर अक्सर चलने वाली तेज हवाओं से निपटना होगा। भुवनेश्वर को बेसिन रिजर्व की परिस्थितियां रास आ सकती हैं।

भारतीय बल्लेबाजों की भी होगी परीक्षा

भारत ने पहले दो मैचों में 13 खिलाड़ियों का इस्तेमाल किया है। न्यूजीलैंड में अभी गर्मियों की शुरुआत है और ठंडी और हवादार परिस्थितियों में शाम का मैच भारतीय बल्लेबाजों की भी परीक्षा ले सकता है, जो सीधी लाइन में शॉट लगाना पसंद करते हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि अभिषेक, सूर्यवंशी और सैमसन हवा और ठंड के उतार-चढ़ाव से कैसे निपटते हैं। 15 वर्षीय सूर्यवंशी के लिए इस तरह की परिस्थितियां निश्चित रूप से उन्हें एक बेहतर खिलाड़ी बनाने में बहुत मददगार साबित होंगी।

अर्शदीप साबित हो सकते हैं खतरनाक

भुवी को अर्शदीप के रूप में एक भरोसेमंद साथी मिलेगा, जो दोनों तरफ स्विंग करने की अपनी क्षमता से न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों एलेन, सीफर्ट और डेरिल के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। इन तीनों बल्लेबाजों ने अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है। जैसे-जैसे सीरीज आगे बढ़ रही है उन पर भी दबाव बढ़ता जा रहा है।

> भुवनेश्वर से काफी उम्मीदें होंगी। उन्होंने आईपीएल में असाधारण प्रदर्शन किया है और शानदार गेंदबाजी की है। उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती उम्मीदों के दबाव को दरकिनार करना है। उन्हें अभ्यास का भी कम मौका मिला है। उनके पास कौशल और अनुभव सब कुछ है। लेकिन उन्हें कुछ मैचों में खुद को स्थापित करने का मौका देना होगा। उन्हें बाहरी बातों पर ध्यान नहीं देना होगा और अपना नैसर्गिक खेल खेलना होगा।
>
> -मोर्ने मोर्कल, गेंदबाजी कोच,
>
> मुझे लगता है कि भारत ने हमें दबाव में रखा, खासकर गेंदबाजी करते हुए डेथ ओवरों में। इन दोनों मैच में काफी रन बने इसलिए उन्होंने एकतरफा जीत हासिल नहीं की। इस तरह के मैचों में महत्वपूर्ण अवसरों पर अच्छा प्रदर्शन करना जरूरी होता है। भारत ने ऐसा किया और उम्मीद है कि आगे हम ऐसा करने में सफल रहेंगे।
>
> -माइकल ब्रेसवेल, ऑलराउंडर, न्यूजीलैंड

फिलिप्स से सतर्क रहेगी भारतीय टीम

न्यूजीलैंड की तरफ से मध्य क्रम में ग्लेन फिलिप्स ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है। उन्होंने पहले दोनों मैच में अर्धशतक बनाया। उनसे बचकर रहना होगा। पिछले मैच में बेवन जैकब्स ने भी अच्छी बल्लेबाजी की। न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाजों के लिए कार्यभार प्रबंधन योजना के तहत लॉकी फर्ग्यूसन और मैट हेनरी की अनुपस्थिति भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। न्यूजीलैंड ने इन दोनों की जगह पर मैट फिशर और ब्लेयर टिकनर को टीम में शामिल किया है।

अर्शदीप के रिकॉर्ड पर नजर

अर्शदीप पूर्णकालिक सदस्य देशों के गेंदबाजों में एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी बनने के करीब हैं। वह अब तक 29 मैचों में 9 .25 की इकोनॉमी से 38 विकेट चटका चुके हैं। दो और विकेट लेते ही वह आयरलैंड के जोश लिटिल (39 विकेट, 2022) का एक साल में सर्वाधिक विकेट लेने का चार साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

नंबर गेम

6 छक्के लगाते ही तिलक सौ सिक्सर लगाने वाले सातवें भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे

10 पिछले मुकाबलों में से न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत ने सिर्फ एक हारा है

आमने-सामने

कुल मैच	: 33
भारत जीता	: 21
न्यूजीलैंड जीता	: 11
बेनतीजा	: 1

लक्ष्य के सामने दूसरा खिताब जीतने की चुनौती

एजेंसी। सारब्रकेन

सात साल पहले हाइलो ओपन में चैंपियन बने लक्ष्य सेन के सामने लंबे इंतजार के बाद मंगलवार से यहां शुरू हो रहे टूर्नामेंट में दूसरा खिताब जीतने की चुनौती होगी। दूसरी ओर, फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहने के बाद दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु भी इस सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपनी लय बककरार रखना चाहेंगी। पुरुष एकल में 2019 के चैंपिनय और यहां सातवें



वरीय भारत के लक्ष्य सेन का सामना पहले दौर में फिनलैंड के जोकिम ओल्डोर्फ से होगा जबकि आठवें वरीय आयुष शेट्टी की भिड़ंत चीनी ताइपे के सु ली यांग से होगी। हालांकि एचएस प्रणय के सामने पहले दौर में तीसरे वरीय और मौजूदा विश्व चैंपियन फ्रांस के एलेक्स लेनियर की कड़ी चुनौती होगी।

महिला एकल में भारतीय खिलाड़ियों के मुकाबले

शानदार फॉर्म में खेल रही पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने जुलाई में जापान ओपन जीता और फिर पिछले सप्ताह फ्रेंच ओपन के फाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी दक्षिण कोरिया की आन से यंग से हारकर उपविजेता रहीं। वह पहले दौर में तुर्किये की नेस्लिहान आरिन से भिड़ेंगी। इस साल कोरिया मास्टर्स जीतने और पिछले सप्ताह फ्रेंच ओपन में तीन बार की विश्व चैंपियन जापान की अकाने यामागुची को हराने वाली अश्मिता चालिहा पहले दौर में वह बुल्गारिया की कलोयाना नलबांतोवा से खेलेंगी।

एमबापे के 'डबल' से रियाल मैड्रिड खिताबी दौड़ में लौटा

एजेंसी। मैड्रिड

किलियन एमबापे के दो गोल की मदद से रियाल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल टूर्नामेंट-ला लिगा के मैच में शीर्ष पर चल रहे बार्सिलोना को 2-1 से हराकर खिताब की दौड़ में वापसी की। रविवार रात खेले गए मुकाबले में एमबापे ने 41वें और 87वें मिनट में गोल किए। बार्सिलोना का कमात्र गोल राफिन्हा ने 61वें मिनट में किया जबकि युवा स्ट्राइकर लामिने यामल अंतिम क्षणों में गोल करने से चूक गए। इस हार से बार्सिलोना का ला लिगा के शुरुआती 10 मैच



जीतने वाली पहली टीम बनने का सपना टूट गया। उसने 1968-69 में रियाल मैड्रिड के नौ मैचों में नौ जीत के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली थी। मैड्रिड तीसरे स्थान पर बना हुआ है, लेकिन अब वह बार्सिलोना से सिर्फ तीन अंक पीछे है।

पडिक्कल दोहरा शतक चूके पर तीसरे नंबर का दावा मजबूत

एजेंसी। लिंकन

देवदत्त पडिक्कल सोमवार को विवादास्पद फैसले से दोहरे शतक से चूक गए। हालांकि उनकी 199 रन की शानदार पारी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैच की सीरीज के लिए तीसरे नंबर के बल्लेबाज को लेकर चल रही बहस पर विराम लगा दिया। साथ ही भारत ए ने शानदार वापसी करके न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच में अपनी स्थिति भी मजबूत कर ली है। भारत ए ने तीसरे दिन दूसरी पारी ने आठ विकेट पर 488 रन बनाकर 284 रन की बढ़त बना ली है। खेल खत्म होने पर वाशिंगटन सुंदर 51 रन बनाकर क्रीज पर थे। आकाश दीप को अभी खाता खोलना है। दर्शन ने 91, यश राठौड़ ने 66 और आकिब नबी ने 38 रन का योगदान दिया। टीम पहली पारी में 113 रन पर सिमट गई थी। जवाब में न्यूजीलैंड ने 317 रन बना कर 204 रन की बढ़त हासिल की थी।



पडिक्कल विवादास्पद फैसले पर 199 रन बनाकर आउट

पडिक्कल तब दोहरे शतक से चूक गए जब उन्हें मध्यम गति के गेंदबाज जैक गिब्सन की गेंद पर लेग साइड में विकेट के पीछे कैच आउट दिया गया। अंपायर ने उंगली उठाई तो पडिक्कल हैरान रह गए। उन्होंने हाव-भाव से यह जताने की कोशिश की कि गेंद उनके बल्ले से नहीं लगी। वे वहीं अवाक खड़े रहे और फिर डगआउट की ओर चले गए।

बॉलीवुड

अहान पांडे और शरवरी की फिल्म 'बेपरवाह' का ऐलान

यशराज फिल्म्स ने अपनी आगामी रोमांटिक एक्शन-ड्रामा फिल्म के शीर्षक की घोषणा कर दी है। अहान पांडे और शरवरी अभिनीत इस फिल्म का नाम 'बेपरवाह' रखा गया है। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर कर रहे हैं, जबकि आदित्य चोपड़ा इसके निर्माता हैं। निर्माताओं ने फिल्म के नाम के साथ इसका टीजर पोस्टर भी जारी किया है। यह घोषणा फिल्म की सिनेमाघरों में रिलीज से ठीक पांच महीने पहले की गई है। 'बेपरवाह' के जरिए अहान पांडे और शरवरी पहली बार एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आएंगे। अहान पांडे ने फिल्म 'सैयारा' से दर्शकों के बीच अपनी पहचान बनाई थी। अब वह शरवरी के साथ एक रोमांटिक एक्शन-ड्रामा में दिखाई देंगे। फिल्म के शीर्षक और टीजर पोस्टर की घोषणा के बाद दर्शकों को इसकी कहानी और दोनों कलाकारों की जोड़ी को लेकर उत्सुकता रहेगी। हालांकि, निर्माताओं ने फिलहाल फिल्म की कहानी से जुड़ी विस्तृत जानकारी शेयर नहीं की है। निर्देशक अली अब्बास जफर की यशराज फिल्म्स के साथ यह वापसी है। इससे पहले वह इस प्रोडक्शन हाउस के लिए 'सुल्तान' और 'टाइगर जिंदा है' जैसी सफल फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। दोनों फिल्मों को दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। ऐसे में 'बेपरवाह' में भी रोमांस और एक्शन का मेल देखने को मिलेगा। आदित्य चोपड़ा के निर्माण में बन रही यह फिल्म 26 मार्च 2027 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।





आईफा 2027: जनवरी में अबू धाबी में जमेगी सितारों की महफ़िल

@मेघा पटैरिया

मुंबई। आईफा अवॉर्ड्स 2027 की प्रेस कॉन्फ्रेंस गुरुवार, 22 अक्टूबर को मुंबई में हुई। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड के कई बड़े सितारे शामिल हुए। सलमान खान, करीना कपूर खान, शाहिद कपूर, वरुण धवन, रश्मिका मंदाना, पंकज त्रिपाठी, अली फजल और अभिषेक बनर्जी भी इस कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान सभी सितारे अपने-अपने खास अंदाज में नजर आए। कार्यक्रम में सलमान खान और करीना कपूर खान की मुलाकात भी चर्चा में रही। वहीं, शाहिद कपूर और वरुण धवन ने भी अपने अंदाज से लोगों का ध्यान खींचा।



कैमरे के पीछे काम करने वालों के लिए क्या बोले वरुण धवन

आईफा 2027 में पहली बार होस्ट यानी कार्यक्रम की मेजबानी करने जा रहे वरुण धवन ने फिल्म पुरस्कार समारोहों में तकनीकी काम करने वाले लोगों को सम्मान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि आजकल फिल्म अवॉर्ड्स में फिल्मों के अलावा दूसरी चीजों पर ज्यादा चर्चा होती है। जबकि ऐसे कार्यक्रमों का असली मकसद फिल्मों, कलाकारों, उनकी अदाकारी और फिल्म बनाने में योगदान देने वाले तकनीकी लोगों के काम की तारीफ करना और उनका जश्न मनाना होना चाहिए। वरुण ने कहा कि वह एक तकनीकी काम करने वाले व्यक्ति के बेटे हैं। इसलिए वह इस बात को अच्छी तरह समझते हैं। उन्हें लगता है कि पहले फिल्मों को बनाने में मदद करने वाले लोगों को जितना महत्व और सम्मान दिया जाता था ।

आबू धाबी में आयोजित होगा समारोह

आईफा वीकेंड और अवॉर्ड्स समारोह 22 और 23 जनवरी 2027 को अबू धाबी के यास आइलैंड में स्थित एतिहाद एरीना में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में फिल्मों और फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य अवॉर्ड समारोह की मेजबानी करण जौहर, वरुण धवन, अनन्या पांडे और मनीष पॉल करेंगे। वहीं, आईफा डिजिटल अवॉर्ड्स की मेजबानी पंकज त्रिपाठी और अली फजल करेंगे। इस कार्यक्रम के जरिए भारतीय सिनेमा की उपलब्धियों का जश्न मनाया जाएगा। साथ ही, फिल्मों में काम करने वाले कलाकारों और फिल्म उद्योग से जुड़े दूसरे लोगों के योगदान को भी सम्मान दिया जाएगा आज वैसा सम्मान देखने को नहीं मिलता।

अमित साध की 'प्रताप' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज



अमित साध और ईशा देओल अभिनीत आगामी फिल्म 'प्रताप' का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। सचिन सराफ के लेखन और निर्देशन में बनी इस एक्शन-ड्रामा फिल्म में अमित साध एक एनकाउंटर स्पेशलिस्ट पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। अपराधियों को कानून के कटघरे तक पहुंचाने वाले इस अधिकारी की जिंदगी उस समय बदल जाती है, जब वह खुद सलाखों के पीछे पहुंच जाता है। ट्रेलर में उसके अतीत, वर्तमान और बदलती परिस्थितियों की झलक दिखाई गई है। ट्रेलर में प्रताप के जीवन में आए इस अप्रत्याशित मोड़ के साथ कई सवाल खड़े होते हैं। आखिर किन परिस्थितियों में एक सम्मानित पुलिस अधिकारी को जेल जाना पड़ता है और वहां उसे किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है? फिल्म में एक्शन, टकराव और भावनात्मक उतार-चढ़ाव के जरिए इस कहानी को आगे बढ़ाया गया है। अमित साध के साथ ईशा देओल, सीमा बिस्वास, तिग्मांशु धूलिया और मिलिंद गुणाजी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। अमित साध के मुताबिक, प्रताप का किरदार उन्हें इसलिए आकर्षित कर गया, क्योंकि यह एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है, जिसने पूरी जिंदगी कानून लागू किया, लेकिन एक दिन खुद कानून के दूसरी तरफ खड़ा हो गया। ईशा देओल ने भी फिल्म की कहानी को कई परतों वाला बताया। निर्देशक सचिन सराफ के अनुसार, फिल्म फैसलों, उनके परिणामों और सही-गलत के बीच की बारीक रेखा को दिखाती है।

अब पर्दे के पीछे भी 'रामायण' से जुड़ेंगे यश


अभिनेता यश अब फिल्म 'रामायण' से पर्दे के पीछे भी अहम भूमिका निभाने जा रहे हैं। फिल्म में रावण का किरदार निभा रहे यश की कंपनी मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस का डिस्ट्रीब्यूशन विंग कर्नाटक में फिल्म की रिलीज की जिम्मेदारी संभालेगा। नमित मल्होत्रा के साथ इस महागाथा के निर्माण से जुड़े यश की कंपनी ने अब वितरण के क्षेत्र में भी कदम बढ़ाया है। इससे फिल्म के निर्माण और वितरण में कंपनी की भूमिका का विस्तार होगा। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही 'रामायण' को दो हिस्सों में बड़े पर्दे पर पेश किया जाएगा। भारतीय महाकाव्य पर आधारित इस फिल्म में भव्य स्तर पर कहानी को जीवंत करने की तैयारी है। फिल्म में यश रावण की भूमिका में नजर आएंगे। वहीं, इसकी स्टारकास्ट और बड़े पैमाने पर हो रहा निर्माण इसे लेकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा रहा है। मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के वितरण कारोबार की शुरुआत को कंपनी के विस्तार की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। फिल्म के वितरण की जिम्मेदारियां अलग-अलग क्षेत्रों के लिए तय की गई हैं। अंतरराष्ट्रीय वितरण की कमान सोनी पिक्चर्स संभालेगा, जबकि उत्तर भारत में धर्मा प्रोडक्शंस फिल्म को रिलीज करेगी। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में वितरण की जिम्मेदारी दिल राजू के पास होगी। कर्नाटक में मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस का डिस्ट्रीब्यूशन विंग मोर्चा संभालेगा।



रश्मिका मंदाना ने ट्रोलिंग पर तोड़ी चुप्पी

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा इन दिनों अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। 'कॉफी विद करण' के दूसरे एपिसोड में नजर आने के बाद दोनों सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना कर रहे हैं। विजय को लेकर जहां कुछ यूजर्स ने नकारात्मक टिप्पणियां कीं, वहीं रश्मिका को उन्हें 100 बार प्रपोज करने की बात पर निशाना बनाया गया। अब अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर ट्रोल करने वालों को जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि वह विजय को 100 नहीं, बल्कि 1000 बार प्रपोज करने के लिए तैयार हैं। रश्मिका ने अपनी पोस्ट में लिखा कि इंटरनेट पर चल रही बहस उन्हें ऐसी गुस्साई भीड़ जैसी लगती है, जो अपना गुस्सा निकालने के लिए किसी व्यक्ति को निशाना बना रही है। उन्होंने कहा कि लोगों की प्रतिक्रियाओं ने उन्हें भावनात्मक रूप से प्रभावित किया।





ब्रह्मपुत्र नदी पर खतरा

कभी भी आ सकती है भयंकर बाढ़, चीन के मेगा बांध को लेकर नई चेतावनी

एजेंसी । नई दिल्ली

ब्रह्मपुत्र नदी में इस सदी के दौरान पानी का बहाव बढ़ने की आशंका जताई गई है। चीन के शोधकर्ताओं के एक अध्ययन के मुताबिक, जलवायु में बदलाव के कारण नदी के बहाव में वृद्धि हो सकती है, जिससे बाढ़ का खतरा भी बढ़ सकता है। इस चेतावनी ने भारत और बांग्लादेश की चिंताएं बढ़ा दी हैं। इसके बीच तिब्बत में चीन की करीब 168 अरब डॉलर की विशाल जलविद्युत बांध परियोजना के संभावित प्रभावों पर भी चर्चा तेज हो गई है।

पेड़ों के छल्लों से 700 साल के आंकड़ों का अध्ययन

चीनी विज्ञान अकादमी और युन्नान यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने दक्षिण-पूर्वी तिब्बती पठार में पेड़ों के छल्लों की चौड़ाई से जुड़े आंकड़ों का विश्लेषण किया। इसके आधार पर उन्होंने वर्ष 1325 से 2020 तक नदी के बहाव के इतिहास का पुनर्निर्माण किया। इस ऐतिहासिक जानकारी को आधुनिक जलवायु आंकड़ों के साथ जोड़कर एक मॉडल तैयार किया गया। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने सोमवार को बताया कि यह शोध 8 अक्टूबर को चाइना साइंस बुलेटिन में प्रकाशित हुआ था। शोधकर्ताओं के अनुसार, मॉडल भविष्य में नदी के बहाव में बदलाव और बाढ़ जैसी घटनाओं के जोखिम का आकलन करने में मदद कर सकता है।

तिब्बत में 168 अरब डॉलर की विशाल बांध परियोजना

तिब्बत में यारलुंग त्सांगपो नदी पर चीन की विशाल जलविद्युत परियोजना प्रस्तावित है। इसकी अनुमानित लागत करीब 168 अरब डॉलर बताई गई है और इसमें पांच क्रमिक जलविद्युत स्टेशन शामिल हैं। परियोजना का मुख्य उद्देश्य बिजली उत्पादन है, लेकिन नदी के ऊपरी हिस्से में इतने बड़े बुनियादी ढांचे के निर्माण से पानी के बहाव, बाढ़ प्रबंधन और पर्यावरण पर संभावित प्रभावों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। विशेषज्ञों की चिंता यह भी है कि बांध के संचालन के दौरान पानी छोड़ने के समय और मात्रा में बदलाव का निचले इलाकों पर क्या असर पड़ सकता है। हालांकि, परियोजना के कारण बाढ़ का खतरा कितना बढ़ेगा, इसका आकलन करने के लिए विस्तृत और विश्वसनीय आंकड़ों की जरूरत होगी।

भारत के लिए क्यों अहम है ब्रह्मपुत्र?

तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी को यारलुंग त्सांगपो कहा जाता है। यह अरुणाचल प्रदेश में सियांग के नाम से भारत में प्रवेश करती है और आगे चलकर ब्रह्मपुत्र कहलाती है। यह नदी पूर्वोत्तर भारत और बांग्लादेश में कृषि, आजीविका तथा पारिस्थितिकी के लिए महत्वपूर्ण है। नदी के बहाव में बड़े बदलाव का असर निचले इलाकों में बाढ़ के जोखिम, जल संसाधनों और पर्यावरण पर पड़ सकता है। शोधकर्ताओं ने सुझाव दिया है कि जल संसाधन विकास, जल भंडारण और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को पार करने वाली नदियों से जुड़े जोखिमों का आकलन करते समय संभावित बदलावों को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

क्या होता है रनऑफ?

रनऑफ यानी सतही जल बहाव वह प्रक्रिया है, जिसमें बारिश, बर्फ पिघलने या सिंचाई से मिलने वाला पानी जमीन में समाने के बजाय सतह पर बहकर नदियों और झीलों तक पहुंचता है। जब जमीन पानी को पर्याप्त मात्रा में सोख नहीं पाती, तब सतही बहाव बढ़ जाता है। सामान्य परिस्थितियों में यह नदी और झीलों को पानी उपलब्ध कराने में मदद करता है। लेकिन अत्यधिक बहाव से अचानक बाढ़, मिट्टी का कटाव और संपत्ति को नुकसान हो सकता है। शहरी क्षेत्रों में पक्की सड़कों और कंक्रीट की सतहों के कारण पानी जमीन में कम समाता है, जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है। बहता पानी उर्वरक, कीटनाशक और अन्य प्रदूषक भी जल स्रोतों तक पहुंचा सकता है।

भूकंपीय जोखिम और भूस्खलन की चिंता

रिपोर्ट के अनुसार, चीनी भूवैज्ञानिकों ने जुलाई में प्रस्तावित बांध के नीचे सक्रिय फॉल्ट लाइन की मौजूदगी को लेकर चेतावनी दी थी। इससे बांध की सुरक्षा और आसपास की ढलानों की स्थिरता पर सवाल उठे हैं। भूवैज्ञानिकों ने कमजोर ढलानों को मजबूत करने और भूस्खलन से बचाव के उपाय करने की जरूरत बताई थी। हिमालयी क्षेत्र में अचानक आने वाली बाढ़ और भूस्खलन पहले भी बड़े नुकसान का कारण बने हैं। ऐसे में नदी के बहाव, जलवायु परिवर्तन और विशाल बांध परियोजनाओं से जुड़े जोखिमों का वैज्ञानिक आकलन तथा सीमा पार सहयोग भारत और बांग्लादेश के लिए महत्वपूर्ण है।

तमिलनाडु के पूर्व मंत्री अनबिल महेश गिरफ्तार

100 करोड़ के स्कूल घोटाले का आरोप

एजेंसी । चेन्नई

तमिलनाडु के पूर्व स्कूल शिक्षा मंत्री अनबिल महेश पोय्यामोझी को कथित 100 करोड़ रुपये के स्कूल मान्यता घोटाले में गिरफ्तार किया गया है। चेन्नई पुलिस की केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने सोमवार को अमिनजिकरई स्थित उनके अपार्टमेंट से उन्हें गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई मद्रास हाईकोर्ट द्वारा उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद हुई। मामले की जांच पुलिस के साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी कर रहा है। यह मामला निजी स्कूलों के संगठनों के महासंघ के सचिव डीसी एलंगोवन की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायत के मुताबिक, बीटी अरसाकुमार और मुथुकुमार ने खुद को तमिलनाडु प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन का संस्थापक अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष बताया था। आरोप है कि उन्होंने निजी स्कूलों के प्रबंधन से 100 करोड़ रुपये से अधिक की रकम जुटाई। इसके बदले स्कूलों को स्थायी सरकारी मान्यता, स्तर बढ़ाने की अनुमति और अन्य जरूरी मंजूरियां दिलाने का आश्वासन दिया गया था।



डीएमके के पार्टी फंड के नाम पर रकम लेने का दावा

शिकायत में आरोप लगाया गया कि स्कूल संचालकों से यह रकम तत्कालीन सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) के पार्टी फंड में योगदान के नाम पर मांगी गई थी। अरसाकुमार ने कथित तौर पर सरकारी अधिकारियों से संपर्क होने का दावा करते हुए स्कूलों को जरूरी अनुमतियां दिलाने का भरोसा दिया था। इनमें नगर एवं ग्राम नियोजन निदेशालय (डीटीसीपी) की मंजूरी भी शामिल थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, वादे पूरे नहीं हुए और रकम भी वापस नहीं की गई। केंद्रीय अपराध शाखा ने शुरुआत में अरसाकुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और 12 के तहत मामला दर्ज किया था।

न्यूज़ ब्रीफ

इजरायली हवाई हमलों में हमास के दो कमांडर ढेर

तेल अवीव। इजरायली वायुसेना ने गाजा पट्टी में पिछले सप्ताह अलग-अलग हवाई हमलों में हमास के दो कमांडरों को मार गिराने का दावा किया है। वहीं, वेस्ट बैंक में 40 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। इजरायल ने हमास पर युद्धविराम समझौते का लगातार उल्लंघन करने और अपनी सैन्य क्षमताओं को फिर से मजबूत करने का आरोप लगाया है। इजरायली वायुसेना ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि उसने आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट के साथ मिलकर शनिवार को गाजा सिटी क्षेत्र में हमला किया। इसमें हमास की सैन्य खुफिया इकाई का कमांडर मुहम्मद खलावा मारा गया।

लूला चौथी बार ब्राजील के राष्ट्रपति बने

रियो डी जिनेरियो। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुखर आलोचक ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा रविवार को चौथी बार राष्ट्रपति निर्वाचित हुए। वह पांच जनवरी, 2027 को राष्ट्रपति के रूप में अपना चौथा कार्यकाल शुरू करेंगे। इस चुनाव परिणाम से लैटिन अमेरिका में अमेरिका के बढ़ते प्रभाव की आलोचना करने वालों को राहत मिली है। लूला 2002, 2006 और 2022 में राष्ट्रपति चुनाव जीते थे। वोटों की गिनती पूरी होने के बाद ब्राजील के निर्वाचन न्यायालय ने घोषणा की कि लूला ने अपने प्रतिद्वंद्वी फ्लावियो बोल्सोनारो पर करीब 44 लाख वोटों की निर्णायक बढ़त हासिल कर ली है। उनको कुल मतों का 51.8 प्रतिशत वोट मिले। उनको एक वीडियो में दूसरे दौर के चुनाव में उनकी जीत की पुष्टि किए जाने के बाद उन्हें अपनी पत्नी एवं प्रथम महिला रोसांगेला दा सिल्वा और सहयोगियों के साथ जश्न मनाते हुए दिखाया गया।

सरकारी अस्पतालों में करोड़ों के चिकित्सा उपकरण बेकार, कई आईफोन गायब

- 7.16 करोड़ रुपये के उपकरणों की खरीद पर उठे सवाल
- कथित गड़बड़ियों की जांच करेगा सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो



एजेंसी । केरल

केरल के सरकारी अस्पतालों में करोड़ों रुपये खर्च कर खरीदे गए चिकित्सा उपकरणों के इस्तेमाल नहीं होने और कुछ उपकरणों के गायब होने का मामला सामने आया है। सरकारी अस्पतालों के लिए खरीदे गए 224 आईफोन और फंडस कैमरों के बेकार पड़े होने की जानकारी के बाद सरकारी धन के इस्तेमाल और खरीद प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे हैं। राज्य सरकार ने मामले की जांच सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (वीएसीबी) से कराने का फैसला किया है। स्वास्थ्य मंत्री के. मुरलीधरन ने सोमवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। कांग्रेस विधायक अबिन वार्की कोडियाट्टू ने सदन में यह मुद्दा उठाया था। सरकार अब उपकरणों की खरीद, गुणवत्ता, उपयोग और उनके रखरखाव से जुड़े पहलुओं की जांच कराएगी।

7.16 करोड़ रुपये के उपकरणों का इस्तेमाल क्यों नहीं?

राज्य के सरकारी अस्पतालों के लिए 224 आईफोन और फंडस कैमरे खरीदे गए थे। इन उपकरणों की खरीद पर 7.16 करोड़ रुपये खर्च होने की बात सामने आई है। बताया गया है कि कई आईफोन गायब हैं, जबकि खरीदे गए उपकरण अस्पतालों में इस्तेमाल नहीं हो रहे हैं। जांच में यह पता लगाया जाएगा कि इन उपकरणों की खरीद की जरूरत क्यों पड़ी, खरीद के बाद उनका उपयोग क्यों नहीं हुआ और उनके रखरखाव की जिम्मेदारी किन अधिकारियों की थी।

चार मेडिकल कॉलेजों में 128 वेंटिलेटर बेकार

मामले में प्रधानमंत्री केयर्स (पीएम केयर्स) फंड के तहत मिले 128 वेंटिलेटर भी जांच के दायरे में हैं। ये वेंटिलेटर कोट्टायम, मंजेरी, कन्नूर और कोझिकोड के चार सरकारी मेडिकल कॉलेजों में इस्तेमाल नहीं हो रहे हैं। सरकार ने उपकरणों की गुणवत्ता, उनकी कार्यक्षमता और रखरखाव पर आने वाले खर्च को लेकर चिंताएं जताई हैं। मरीजों को सांस लेने में सहायता देने वाले इन महत्वपूर्ण उपकरणों का इस्तेमाल नहीं होना स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी खर्च की उपयोगिता पर सवाल खड़े करता है।

इंटरनेट पर टीवी चैनल दिखाने वाले ऐप को लेनी होगी मंजूरी

नई दिल्ली। इंटरनेट के माध्यम से सीधे टीवी चैनल दिखाने वाले ऐप्स और मुफ्त विज्ञापन-आधारित स्ट्रीमिंग मंचों (फास्ट सर्विस) को नियमित करने की तैयारी है। इसके लिए भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने नए नियामकीय ढांचे की सिफारिश जारी की है। इसके तहत अब इंटरनेट पर तय समय-सारिणी के अनुसार टीवी चैनल दिखाने वाले सभी ऐप्स को सरकार से आधिकारिक अनुमति लेना अनिवार्य होगा। ट्राई ने सोमवार को एप्लिकेशन आधारित टीवी वितरण मंचों के लिए प्राधिकरण ढांचे से जुड़ी सिफारिशें जारी की।

इंडिया ब्लॉक और बीजेपी आमने-सामने

- 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्ष की रैली
- रैली के जवाब में भाजपा का महीनेभर का पदयात्रा अभियान

एजेंसी । नई दिल्ली



विपक्षी इंडिया ब्लॉक की ओर से 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली आयोजित करने की तैयारी है। इसके जवाब में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी उसी दिन से देशभर में महीनेभर का पदयात्रा अभियान शुरू करने जा रही है। इस अभियान के तहत भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, वरिष्ठ मंत्री और अन्य प्रमुख नेता अलग-अलग स्थानों पर पदयात्राओं में हिस्सा लेंगे।

1 नवंबर की तारीख पर भाजपा ने उठाए सवाल

रैली की तारीख को लेकर भी राजनीतिक विवाद सामने आया है। भाजपा ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा है कि 1 नवंबर 1984 के सिख-विरोधी दंगों की बरसी है। इस वजह से रैली की तारीख को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं।

शाह समेत वरिष्ठ नेता होंगे शामिल

प्रस्तावित कार्यक्रमों के अनुसार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के कुछ पदयात्राओं में शामिल होने की संभावना है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 2 नवंबर को हैदराबाद में और 5 नवंबर को हरियाणा में पदयात्रा में भाग लेने की संभावना जताई गई है। हालांकि, इन कार्यक्रमों की अंतिम रूपरेखा की पुष्टि संबंधित आयोजनों के अनुसार होगी।

सूची पुनरीक्षण पर विरोध

इंडिया ब्लॉक ने चुनाव आयोग के खिलाफ यह रैली आयोजित करने की घोषणा की है। विपक्षी दलों का आरोप है कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया में अनियमितताएं हो रही हैं। विपक्षी नेताओं ने कथित 'वोट चोरी' के मुद्दे पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग भी उठाई है।

दुश्मन के हवाई खतरों से निपटने की तैयारी

- सरकार ने 2.12 लाख करोड़ की खरीद को दी मंजूरी

एजेंसी । नई दिल्ली

सरकार के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को तीनों सेनाओं के लिए 2.12 लाख करोड़ की खरीद को मंजूरी दी। इसमें मल्टीपरपज हेलिकॉप्टर, लंबी दूरी के कामिकाजे ड्रोन सिस्टम और हथियार शामिल हैं। इनमें करीब 82% खरीदी भारतीय उद्योगों से की जाएगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल (DAC) ने इन खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी। सेना के लिए हाई मोबिलिटी व्हीकल, सेल्फ-प्रोपेल्ड ट्रैक्ड गन सिस्टम, एयर डिफेंस सिस्टम और काउंटर ड्रोन सिस्टम खरीदे जाएंगे। नौसेना और वायुसेना के लिए भी कई अहम प्लेटफॉर्म, हेलिकॉप्टर, रडार और एयर डिफेंस सिस्टम को मंजूरी मिली है।



अनमैंड एरियल सिस्टम की भी खरीद

लाइट मल्टी-रोल हेलिकॉप्टर (LMRH) की खरीद को भी मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, सेना के लिए वेरी शॉर्ट-रेंज एयर डिफेंस सिस्टम और काउंटर अनमैंड एरियल सिस्टम (C-UAS) खरीदे जाएंगे। सेना के लिए अन्य अनमैंड एरियल सिस्टम और सर्विलांस अनमैंड एरियल व्हीकल्स की खरीद को भी मंजूरी दी।

नौसेना और वायुसेना के लिए मंजूरी

भारतीय नौसेना के लिए एक्टिव ऑफबोर्ड डिकॉय सिस्टम (AODS) और अन्य बड़े नौसैनिक प्लेटफॉर्म खरीदे जाएंगे। भारतीय वायुसेना के लिए हेलिकॉप्टर, एयर डिफेंस सिस्टम और रडार की खरीद को मंजूरी दी गई है।

सीएमआरएल रिश्वत मामला

पिनरई विजयन के खिलाफ एफआईआर पर हाईकोर्ट की रोक

- वीएसीबी की जांच भी अगले आदेश तक स्थगित, चार सप्ताह बाद होगी अगली सुनवाई

एजेंसी । कोच्चि

केरल हाईकोर्ट ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री पिनरई विजयन और उनके परिजनों के खिलाफ कथित सीएमआरएल रिश्वत मामले में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करने के एकल न्यायाधीश के आदेश पर रोक लगा दी। अदालत ने मामले में सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (वीएसीबी) की ओर से दर्ज एफआईआर और आगे की जांच पर भी अगले आदेश तक रोक लगा दी है।



विजयन की अपील पर सुनवाई

न्यायमूर्ति के. नटराजन और न्यायमूर्ति जॉनसन जॉन की पीठ ने एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देने वाली पिनरई विजयन और अन्य लोगों की अपीलों पर सुनवाई की। पीठ ने अपीलों को स्वीकार करते हुए कहा कि मामले में विस्तार से विचार करने की जरूरत है।

मध्य रेल

EMU और MEMU रेकों की वाटरप्रूफिंग कार्य

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.च. स्टा.) ई एम यु कुर्ला कारशेड मध्य रेल मुंबई – 400070, प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली ई–निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित करते हैं। **कार्य का विवरण** : कुर्ला, कलवा और सानपाडा कारशेड में EMU और MEMU रेकों की वाटरप्रूफिंग। मात्रा 1388 बेसिक यूनिट (BU), 2 मानसून (2 साल) के लिए, यानी प्रति मानसून 694 BU। ई–निविदा सूचना क्र. कुर्ला – आर एस – वर्क्स–2026–06 **कार्य की औसत लागत** : रु. 4,73,85,570.48 (जीएसटी साहित) **बोली प्रतिभूति** : रु. 9,47,700/– **वैधता** : 60 दिन **समापन अवधि** : 24 महीने **अनुदेश: 1.** उपरोक्त निविदा 24.11.2026 को 11:00 बंद हो जायेगी तथा उसके बाद 11.15 को खोली जाएगी। **2.** भावी निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि निविदा के विवरण एवं शुद्धीपत्र (यदि कोई हो तो) की अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। **3.** निविदाकर्ता केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपरोक्त ई–निविदा में भाग ले सकते हैं और ई–निविदा के लिए मैन्युअल प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है। मैन्युअल रूप से प्रस्तुत किए जाने पर न तो खोला जाएगा और न ही उस पर विचार किया जाएगा। **4.** आगे की अधिक जानकारी के लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.च. स्टा.) ई एम यु कुर्ला कारशेड मध्य रेल मुंबई – 400 070 पर संपर्क कर सकते हैं। **5.** औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) द्वारा 'स्टार्टअप' के रूप में मान्यता प्राप्त किसी भी फर्म को ऊपर वर्णित बोली सुरक्षा के भुगतान से छूट दी जाएगी। श्रम सहकारी समितियां ऊपर वर्णित उपरोक्त बोली सुरक्षा का केवल 50% ही जमा करेंगी। अधिक जानकारी के लिए जीसीसी कार्य 2022 या इसके नवीनतम संशोधन देखें। **6.** यह निविदा सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017 दिनांक 15.06.2017 का अनुपालन करती है। खुली ई–निविदा सूचना क्र. कुर्ला–आर एस–वर्क्स–2026–06 दि.24.10.2026. 697

सुरक्षित यात्रा करें, फुटबोर्ड पर यात्रा न करें

राहुल गांधी मानहानि केस में बरी

- कांग्रेस का भाजपा पर तीखा हमला, कहा– अपराधियों के हाथ में पार्टी की कमान



एजेंसी । सुल्तानपुर

राहुल गांधी को उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर की विशेष एमपी-एमएलए अदालत से मानहानि के एक मामले में बरी किए जाने के बाद कांग्रेस ने भाजपा पर जोरदार हमला बोला है। पार्टी ने आरोप लगाया कि भाजपा अपराधियों के हाथों में चल रही है। कांग्रेस ने कहा कि वह महात्मा गांधी के बताए रास्ते पर चलते हुए प्यार, करुणा और धैर्य के साथ भाजपा को हराने की लड़ाई जारी रखेगी।

अमित शाह पर टिप्पणी से जुड़ा था मामला

राहुल गांधी को साल 2018 में तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अमित शाह पर की गई टिप्पणी से जुड़े मानहानि के मामले में सोमवार को बरी कर दिया गया। शिकायतकर्ता विजय मिश्रा के वकील संतोष पांडे ने इसकी पुष्टि की। मामला सुल्तानपुर की विशेष एमपी-एमएलए अदालत में चल रहा था। अदालत के फैसले के बाद परिसर के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ढोल बजाकर खुशी जताई और एक-दूसरे को मिठाई खिलाई।

कांग्रेस ने भाजपा पर साधा निशाना

कांग्रेस के महासचिव और संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने राहुल गांधी के पुराने बयान का जिक्र करते हुए कहा कि देश के लोग भूल जाते हैं कि भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष पर हत्या का आरोप लगा था। उन्होंने सवाल उठाया कि जो पार्टी ईमानदारी और शालीनता की बात करती है, उसके अध्यक्ष पर ऐसा आरोप कैसे लगा सकता है।

टीएमसी चुनाव चिह्न मामले में 20 दिन का समय मिला

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नाम और 'फूल और घास' चुनाव चिह्न पर अधिकार को लेकर चल रहे विवाद में दोनों विरोधी गुटों को चुनाव आयोग के समक्ष अपनी दलीलें पूरी करने के लिए 20 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने दोनों पक्षों



की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश दिया। ममता बनर्जी गुट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता और सांसद कल्याण बनर्जी, जबकि ऋतब्रत बनर्जी गुट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता के. परमेश्वर पेश हुए।

दस्तावेज दाखिल नहीं होने का उठा मुद्दा

सुनवाई के दौरान कल्याण बनर्जी ने कहा कि ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस गुट ने चुनाव आयोग के समक्ष जरूरी दस्तावेज और दलीलें दाखिल नहीं की हैं। वहीं, के. परमेश्वर ने बताया कि राज्य में दशहरा उत्सव के कारण जरूरी दस्तावेज तैयार करने के लिए गैर-न्यायिक स्टांप पेपर उपलब्ध नहीं हो पाए।

ईरान युद्ध के बीच यूएई के समुद्र में फैला तेल

नई दिल्ली। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के समुद्री तटों के पास एक क्षतिग्रस्त टैंकर से फैल रहा तेल अब और बड़े इलाके में फैल गया है। सैटेलाइट तस्वीरों में तेल की परत समुद्र में फैलने के साथ उत्तरी अमीरात के तटों के करीब पहुंचती दिखाई दी है। इससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। हालात को देखते हुए कई इलाकों में समुद्र तटों पर लोगों की आवाजाही अस्थायी रूप से रोक दी गई है। यूरोपीय संघ के कोपरनिकस सैटेलाइट नेटवर्क की 24 अक्तूबर की तस्वीरों में तेल का फैलाव बढ़ता दिखाई दिया है।

शोध नियमित दवा लेने वालों में हृदय संबंधी गंभीर बीमारियों का खतरा 11% तक कम पाया गया

बीपी की दवा में लापरवाही दिल के लिए बेहद खतरनाक

एजेंसी । वाशिंगटन डीसी

उच्च रक्तचाप (बीपी) की दवाइयां नियमित रूप से नहीं लेना या इलाज बीच में छोड़ देना सेहत के लिए नुकसानदेह हो सकता है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के नेतृत्व में हुए एक अध्ययन के अनुसार, निर्धारित तरीके से बीपी की दवा लेने वाले मरीजों में हृदय संबंधी गंभीर बीमारियों का खतरा कम देखा



गया। इसके विपरीत, दवा नियमित नहीं लेने वालों को इसका अपेक्षित लाभ नहीं मिला। अध्ययन के निष्कर्ष यूरोपियन सोसाइटी ऑफ कार्डियोलॉजी में प्रस्तुत किए गए।

91 हजार से अधिक लोगों के आंकड़ों का विश्लेषण

शोधकर्ता कियानकियान यांग के नेतृत्व में टीम ने नौ अलग-अलग क्लिनिकल ट्रायल में शामिल 91,339 लोगों के आंकड़ों का विश्लेषण किया। इसमें मरीजों को दवा लेने की नियमितता के आधार पर दो समूहों में बांटा गया। एक समूह में वे लोग थे, जिन्होंने निर्धारित दवा की कम से कम 80 फीसदी खुराक सही तरीके से ली, जबकि दूसरे समूह में इससे कम दवा लेने वाले मरीज शामिल थे।

समय के साथ दवा लेने में बढ़ी लापरवाही

अध्ययन में पाया गया कि कड़ी निगरानी वाले क्लिनिकल ट्रायल के दौरान भी समय बीतने के साथ मरीजों में दवा लेने की नियमितता कम हुई। पहले साल में 88 फीसदी मरीज नियमित रूप से दवा ले रहे थे, लेकिन पांचवें साल तक यह आंकड़ा घटकर 79 फीसदी रह गया। इससे लंबे समय तक इलाज जारी रखने की चुनौती सामने आई।